▪ वर्ष: 1
▪ अंक: 127
▪ पृष्ठ: 8
▪ मूल्य: ₹2.00

दैनिक

ज़ूम न्यूज़ राजस्थान

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

• जयपुर, शनिवार 21 नवम्बर, 2026 • राज्य: 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611

ब्रीफ न्यूज

रोहतक में कार हादसे का शिकार, तीन की मौत

रोहतक। रतलाम से पंजाब में जा रहे दंपती और उनके 23 वर्षीय बेटे की रोहतक में सड़क हादसे में मौत हो गई। जम्मू-कटरा हाईवे पर रिठाल गांव के पास नो पार्किंग जोन में खड़े ट्रक से उनकी स्विफ्ट डिजायर कार पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान इंदिरा नगर निवासी 50 वर्षीय करमजीत सिंह सिद्धू, उनकी पत्नी 48 वर्षीय पवनदीप कौर और बेटे अमरेन्द्र सिंह के रूप में हुई है।



हिमाचल में मालवाहक वाहनों पर लगेगा टैक्स

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार ने अब माल वाहक वाहनों पर नया टैक्स लगाने के लिए विधानसभा में संशोधन विधेयक पास हो गया है। अब राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए इस संशोधन विधेयक को भेजा और वहां से पास होने पर यह लागू हो जाएगा। राज्य सरकार मालवाहक वाहनों पर एक और टैक्स लगाना चाहती है। इसी के तहत बिल लाया है।



आधार कार्ड जन्म तिथि का प्रमाण नहीं: हाईकोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा है कि आधार कार्ड अपने आप में जन्म तिथि का प्रमाण नहीं है। अदालत एक कर्मचारी की जन्म तिथि से जुड़े विवाद से संबंधित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। 2017 में उसके नियोक्ता ने उसे अवैध रूप से नौकरी से निकाल दिया था।



राजस्थान के 37 जिलों में जिला परिषद, पंचायत समिति के चुनाव

समिति में कांग्रेस को 3727 तो भाजपा को 2207 सीटें

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

राजस्थान के 37 जिलों में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव के लिए हुए मतदान के वोटों की गिनती शुक्रवार को जारी है और इसमें कांग्रेस ने सत्तारूढ़ भाजपा पर बढ़त बनाई हुई है। राजस्थान के 37 जिलों की 419 पंचायत समितियों में से 275 पंचायत समितियों में कांग्रेस और 63 में भाजपा जीती। अन्य 64 में जीते हैं, जबकि 17 में किसी दल को बहुमत नहीं है। पंचायत समिति के कुल 7543 सदस्यों में से 6426 के परिणाम घोषित हुए। घोषित 7,471 सीटों में से कांग्रेस ने 3,727 पंचायत समिति सीटें जीती हैं, जबकि भाजपा को 2,207 सीटें मिली हैं। जिला परिषद चुनावों में घोषित 1,072 परिणामों में से कांग्रेस ने भाजपा की 314 सीटों के मुकाबले 672 सीटें हासिल कीं

कांग्रेस को बंपर सीटें, मंत्री की पत्नी- बेटे भी हारे

पंचायत राज चुनाव के लिए मतगणना जारी



4 जिलों में मतगणना 17 दिसंबर को होगी

कोटा, बारां, करौली और श्रीगंगानगर को छोड़कर बाकी सभी जिलों में मतगणना हो रही है। इन 4 जिलों में मतगणना को 17 दिसंबर तक के लिए टाल दिया गया है।

जिला परिषद में भी कांग्रेस 'मालामाल' और भाजपा 'बेहाल'

जिला परिषद के सदस्यों के चुनाव में घोषित 275 नतीजों में से कांग्रेस ने 167 और भाजपा ने 93 सीटें जीती हैं। माकपा ने 5 , आरएलपी ने 4 व निर्दलीयों ने 5 सीटें जीतीं। सीकर में मंत्री खर्रा की पत्नी शांति देवी और बेटे अजय सिंह को पंचायत समिति चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। खर्रा के दूसरे बेटे दुर्गा सिंह ने वार्ड 19 से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा था, उन्हें भी हार का सामना करना पड़ा। चूरू में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ के बेटे पराक्रम सिंह राठौड़ और बहू कनिका सिंह ने जिला परिषद चुनाव जीता।

सीएम के क्षेत्र में आरएलपी का कब्जा, राज्यवर्धन के इलाके में कांग्रेस का बोलबाला



भाजपा को राजधानी जयपुर में बड़ा झटका लगा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विधानसभा क्षेत्र सांगानेर और कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के क्षेत्र झोटवाड़ा की पंचायत समितियों में पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा। सांगानेर में भाजपा महज 3 सीटों पर सिमट गई। झोटवाड़ा में कांग्रेस ने 8 सीटों के साथ बहुमत हासिल किया और भाजपा को सिर्फ 1 वार्ड मिला।

रक्षा संपदा संगठन कार्यक्रम में बोले बिरला

छावनियों का विकास मूल स्वरूप की कीमत पर नहीं होना चाहिए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को सैन्य छावनियों की हरित विरासत को संरक्षित रखने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि आधुनिक विकास उनके मूल स्वरूप की कीमत पर नहीं होना चाहिए तथा जंगल, जमीन और स्वच्छ पर्यावरण छावनियों की पहचान के अभिन्न अंग बने रहने चाहिए। रक्षा संपदा संगठन के शताब्दी व्याख्यान को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि सैन्य छावनियों के विशिष्ट स्वरूप को संरक्षित रखते हुए उनका आधुनिकीकरण करना और सैन्य तथा असैन्य क्षेत्रों के बीच अंतर को स्पष्ट बनाए रखना एक चुनौती है। उनका कहना था, छावनी विरासत जंगल और जमीन है। जमीन पर बेहतर जंगल होने चाहिए और यह हरी-भरी होनी चाहिए। बिरला ने रक्षा भूमि की सुरक्षा और प्रबंधन के लिए एआई) तथा आधुनिक तकनीक के अधिक इस्तेमाल का आह्वान किया।

एससीओ सिविलाइजेशनल फोरम का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन, बोले


जब दुनिया में युद्ध और अशांति पर चर्चा हावी, तब भारत में सभ्यताओं में संवाद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार शाम दिल्ली के पुराना किला में पहले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सिविलाइजेशनल डायलॉग फोरम का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब दुनिया में युद्ध और अशांति पर चर्चा हावी है, तब भारत में सभ्यताओं के बीच संवाद हो रहा है। सांस्कृतिक जुड़ाव और सहयोग वैश्विक शांति का रास्ता मजबूत कर सकते हैं। मोदी ने कहा कि दुनिया इस समय उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। ऐसे समय में सभ्यताओं के बीच संवाद, आपसी समझ और सहयोग की भूमिका अहम हो जाती है। एससीओ जैसे मंच देशों को एक-दूसरे की संस्कृति और विरासत समझने का अवसर देते हैं। उन्होंने कहा कि भारत विविधता को स्वीकार करता है और उसका उत्सव मनाता है। उदार दृष्टिकोण अपनाने पर विविधता ही एकता का आधार बनती है। देशों को साथ चलने, संवाद करने और विचारों में तालमेल बनाने की जरूरत है। 20 से 22 नवंबर तक आयोजित इस फोरम में पाकिस्तान समेत कई देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। पाकिस्तान के मंत्री मुसादिक मसूद मलिक ने उम्मीद जताई कि फोरम के बाद भारत-पाकिस्तान समेत सभी देशों के रिश्ते बेहतर होंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत आए वह पाकिस्तान के पहले मंत्री हैं। फोरम का आयोजन संस्कृति मंत्रालय और विदेश मंत्रालय संयुक्त रूप से कर रहे हैं।



- सांस्कृतिक जुड़ाव और सहयोग से शांति का रास्ता मजबूत होगा
- पुराना किला में पीएम मोदी ने देखी भारत की 2100 साल पुरानी विरासत



सभ्यता संवाद के दौरान प्रदर्शनी का अवलोकन करते पीएम मोदी

डिजिटल माध्यमों ने सांस्कृतिक जुड़ाव के नए अवसर पैदा किए

पीएम ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान का जिक्र करते हुए कहा कि ब्रह्मगुप्त के गणितीय विचार विदेशों तक पहुंचे और सूफी परंपरा ने भारत में कव्वाली को विकसित किया। यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहनी चाहिए। डिजिटल माध्यमों ने सांस्कृतिक जुड़ाव के नए अवसर पैदा किए हैं, जिनका एससीओ देशों को लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि करीब पांच हजार साल पहले सिंधु घाटी और मेसोपोटामिया के बीच व्यापार होता था। भारत, चीन और मध्य एशिया व्यापार मार्गों से जुड़े थे तथा नालंदा जैसे विश्वविद्यालय ज्ञान के आदान-प्रदान के केंद्र बने। सांस्कृतिक और सभ्यतागत सहयोग सदस्य देशों के रिश्तों को मजबूत करेगा।

लेजर प्रदर्शनी में मौर्य काल से मुगल काल तक के अवशेष

पीएम मोदी ने दिल्ली के पुराना किला में आयोजित एससीओ सभ्यता संवाद के दौरान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसमें भारतीय परंपरा, संस्कृति और विरासत से जुड़े ऐतिहासिक दस्तावेजों और पुरातात्विक साक्ष्यों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में लेजर तकनीक के जरिए दिल्ली के करीब 2100 साल पुराने इतिहास और पुराना किला की खुदाई की झलक दिखाई गई। अस्तित्व नाम की प्रदर्शनी में 10 गुणा 10 मीटर के खुदाई स्थल को केंद्र में रखकर अलग-अलग ऐतिहासिक कालखंडों के पुरातात्विक साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। इसमें मौर्य काल से मुगल काल तक के अवशेष, चित्रित धूसर मृदभांड और 1328 ईस्वी का संस्कृत शिलालेख शामिल है, जिसमें दिल्ली का उल्लेख इंद्रप्रस्थ के रूप में मिलता है। अश्वमेध यज्ञ से जुड़ी कलाकृति, कुषाण काल के चार कमरों वाले मकान का मॉडल और प्राचीन व्यापारियों के सिक्के भी प्रदर्शित किए गए। एससीओ में 10 पूर्ण सदस्य देश हैं, जो दुनिया की करीब 42 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। संगठन आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद जैसी चुनौतियों से मुकाबला पर जोर देता है।

योगी की मां सावित्री देवी का पैतृक गांव पंचूर में निधन

आज हरिद्वार के चंडी घाट पर अंतिम संस्कार

मां का पार्थिव शरीर देख 'भावुक' हुए सीएम योगी

एजेंसी ▶▶| यमकेश्वर/ भोपाल

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मां सावित्री देवी के निधन की खबर सुनकर शुक्रवार देर शाम उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले में स्थित अपने पैतृक गांव पंचूर पहुंचे। घर पहुंचने पर मां के पार्थिव शरीर को देखकर वह भावुक हो गए। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर दुख साझा किया। योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी का शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने यमकेश्वर ब्लॉक के पंचूर गांव स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन से परिवार, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों में शोक छा गया।



सीएम योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री योगी ने परिजनों को बताया कि मां का अंतिम संस्कार शनिवार को हरिद्वार के चंडी घाट पर किया जाएगा।

अमेरिकी अदालत द्वारा एनएसए डोभाल के खिलाफ समन की तालीम कराने से जुड़े बेबुनियाद मुकदमे को किया खारिज

ये जानकारी शुक्रवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में हरिभूमि के सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने दी है

बांग्लादेश में जारी हिंसा, आगजनी पड़ोसी का अंदरूनी मामला, भारत का कोई दखल नहीं: जायसवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीते कुछ वक्त से बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर हो रहे प्रदर्शन, हिंसा, आगजनी और तोड़फोड़ के लिए किसी भी तरह से भारत जिम्मेदार नहीं है। यह मूलरूप से पड़ोसी देश का एक आंतरिक मामला है। जिसमें नई दिल्ली का दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है। ये जानकारी शुक्रवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में मामले पर हरिभूमि द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है। जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री तारिक रहमान के बयान को लेकर भारत के पक्ष को स्पष्ट करते हुए कहा कि हम अपने निकट पड़ोसी देश के साथ सकारात्मक, रचनात्मक और भविष्य की ओर आगे बढ़ने वाले संबंधों को बनाने के इच्छुक हैं। जिनका आधार भारत-बांग्लादेश के साझा इतिहास, त्याग और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ा हुआ है। बांग्लादेश के राष्ट्राध्यक्ष के बयान से जुड़ी हुई अन्य टिप्पणियों को लेकर उन्होंने कहा कि वहां पर जो कुछ भी हो रहा है। वो बांग्लादेश का अंदरूनी मामला है। जिसमें हमारा कोई दखल नहीं है। ब्रीफिंग में अमेरिकी अदालत द्वारा एनएसए डोभाल के खिलाफ जारी किए गए समन से जुड़े एक अन्य प्रश्न का भी रणधीर ने जवाब दिया।



ये है रहमान का आग उगलता बयान : बताते चलें कि बांग्लादेश के प्रधानमंत्री ने पिछले गुरुवार को लालमोनिरहट में हुई एक रैली को संबोधित करते हुए भारत का नाम लिए बगैर कहा था कि करीब डेढ़ दशक से अधिक वक्त (16 साल) तक जबरन सत्ता में रहने के बाद देश छोड़कर भागे लोग (पूर्व पीएम शेख हसीना) अब सीमा पार से बांग्लादेश के खिलाफ साजिश कर रहे हैं।

वियना संधि को याद रखना चाहिए

मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि जब भी ऐसा कोई मामला सामने आता है तो उसमें संबंधित देश के कानून मंत्रालय को समन भेजा जाता है। जबकि इस मामले में ऐसा कुछ नहीं हुआ है। ये कोई नया मामला नहीं है। जब आतंकी पन्नू के मुकदमे को लेकर भारत सरकार के उच्च-अधिकारियों के खिलाफ समन जारी किए गए हैं। पूर्व में वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान भी आतंकी ने अदालत में एक मुकदमा दायर किया था। जिसके जवाब में अदालत ने वर्तमान जैसी प्रक्रिया को अपनाया था। लेकिन तब अमेरिका के विदेश मंत्रालय तक मामला पहुंचा था और उसके बाद उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। सूत्रों ने कहा कि जब दो देशों के बीच का कोई कानूनी मसला होता है। तो उसे लेकर हमें वियना संधि को कभी नहीं भूलना चाहिए।

अमेरिका में भारतीय नागरिक को 19 साल सजा: आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश में दोषी

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

अमेरिका की एक अदालत ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में 19 साल 7 महीने जेल की सजा सुनाई है। 55 साल के निखिल ने इस साल की शुरुआत में हत्या के लिए सुपारी देने, हत्या की साजिश रचने और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप कबूल कर लिए थे। शुक्रवार को सजा सुनाए जाने के दौरान निखिल ने कोर्ट में पन्नू से माफी भी मांगी। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने किए का अफसोस है और वे इसे बदल नहीं सकते। न्यूयॉर्क की सदर्न डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के जज विक्टर मारेरो ने करीब 80 मिनट की सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया।

निखिल ने कोर्ट में करीब 6 मिनट तक अंग्रेजी में अपनी बात रखी। उन्होंने महात्मा गांधी, मदर टेरेसा, नेल्सन मंडेला और मार्टिन लूथर किंग का जिक्र करते हुए कहा कि वे इन नेताओं के बताए रास्ते पर चलना चाहते थे। इसके बाद उन्होंने पन्नू की तरफ देखकर कहा, "मैंने जो किया, उसे बदल नहीं सकता। मैं पन्नू, सिख समुदाय और इससे जुड़े लोगों से माफी मांगता हूं। मुझे अफसोस है।" बात करते हुए निखिल भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि उनके इस मामले की वजह से उनकी पत्नी, मां और बच्चों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है, जबकि उन्होंने कुछ नहीं किया। कोर्ट ने निखिल को जेल की सजा के बाद निगरानी में रिहाई देने का आदेश नहीं दिया। जज ने कहा कि सजा पूरी होने के बाद उनके खिलाफ अमेरिका से बाहर निकालने की कानूनी प्रक्रिया शुरू होगी। निखिल के वकीलों ने फैसले पर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि वे अदालत से कम सजा की उम्मीद कर रहे थे। अमेरिकी अदालत में पेश दस्तावेजों के मुताबिक, 2023 में गुप्ता ने भारत और दूसरे देशों में मौजूद लोगों के साथ मिलकर पन्नू की हत्या की साजिश रची थी। इसमें विकास यादव भी शामिल था।

पन्नू बोला- 1200 दिन से सामान्य काम नहीं कर पाया

सुनवाई के दौरान पन्नू ने भी कोर्ट में अपनी बात रखी। उसने कहा कि हत्या की साजिश का खुलासा होने के बाद से वे 1200 दिनों से ज्यादा समय तक सामान्य तरीके से वकालत का काम नहीं कर पाए हैं। पन्नू ने करीब 20 मिनट तक अपनी बात रखी। इस दौरान जज ने उसे अपनी बात संक्षेप में रखने को कहा, ताकि सुनवाई आगे बढ़ाई जा सके। सुनवाई से पहले पन्नू के कई समर्थक न्यूयॉर्क की अदालत के बाहर जमा हुए थे। उनके पास निखिल गुप्ता और इस मामले से जुड़े दूसरे लोगों के पुतले थे। सुनवाई के दौरान पन्नू भी कोर्ट में मौजूद थे। उनके साथ सिख समुदाय के कई लोग भी आए थे।

मणिपुर में जहरीली शराब से 15 की मौत

एजेंसी ▶▶| इंफाल

मणिपुर के चंदेल जिले में जहरीली शराब पीने से 15 लोगों की मौत हो गई है। न्यूज एजेंसी INS के मुताबिक, 600 से ज्यादा लोग अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। इनमें से 3 की हालत गंभीर है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले 2 से 3 दिनों में यह मामला सामने आया है। लोगों की तबीयत शराब पीने के बाद बिगड़ी। हालांकि, शराब कहां से लाई गई थी, इसकी पक्की जानकारी उनके पास नहीं है।


साल 2026 में जहरीली शराब पीने से मध्यप्रदेश, गुजरात समेत 6 राज्यों में 120 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। पुलिस के मुताबिक, प्रभावित लोगों ने जो शराब पी थी, उसे मणिपुर के काकचिंग जिले के सुगनू से खरीदा गया था। जांच में शराब में मेथनॉल मिलाए जाने की आशंका है। इस मामले में अब तक करीब 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।



चूरू जिला परिषद में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत, 39 में से 21 सीटों पर जीत; राजेंद्र राठौड़ के बेटे और बहू भी जीते

ज़ूम न्यूज ▶▶| चूरू





पंचायतीराज चुनाव की मतगणना शुक्रवार को गवर्नमेंट लोहिया कॉलेज में हुई। जिला परिषद के 39 वार्डों में कांग्रेस ने 21 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया, जबकि भाजपा को 17 और सीपीआईएम को 1 सीट मिली। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के पुत्र पराक्रम सिंह राठौड़ और पुत्रवधू कनिका सिंह ने भी जीत दर्ज की, लेकिन जिला परिषद में भाजपा को बहुमत नहीं मिलने से जिला प्रमुख पद पर पार्टी की दावेदारी कमजोर हो गई है।

चुनाव में कई दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया की पत्नी कनक बुडानिया को हार का सामना करना पड़ा। वहीं, पूर्व मंत्री भंवरलाल शर्मा की पुत्रवधू अंजूबाला ने जिला परिषद चुनाव में जीत हासिल की। राजेंद्र राठौड़ की जिला परिषद में जिला प्रमुख बनाने की रणनीति को कांग्रेस के बहुमत से झटका लगा है। जिले की पंचायत समितियों के 231 सदस्यों के चुनाव में कांग्रेस ने 114 सीटें जीतीं, जबकि भाजपा को 93 सीटें मिलीं। इसके अलावा 12 निर्दलीय, आरएलपी के 11 और सीपीआईएम का एक सदस्य निर्वाचित हुआ। चूरू उत्तर पंचायत समिति में भाजपा का बोर्ड बनने की संभावना है, जबकि चूरू पंचायत समिति की 15 में से 12 सीटें जीतकर कांग्रेस ने स्पष्ट बहुमत हासिल किया है।

जिला परिषद के वार्ड संख्या 39 से भाजपा के पराक्रम सिंह राठौड़ ने कांग्रेस के केशरीचन्द देवी को 7,810 वोटों से हराया। पराक्रम सिंह को 17,861, कांग्रेस प्रत्याशी को 10,051 और आरएलपी के चंदनमल मेघवाल को 1,158 वोट मिले। वहीं, राजेंद्र राठौड़ की पुत्रवधू कनिका सिंह ने वार्ड संख्या 23 से जीत दर्ज की। तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया की पत्नी कनक बुडानिया को वार्ड संख्या 38 में भाजपा के नरेश कुमार ने 1,383 वोटों से हराया। नरेश कुमार को 8,456 और कनक बुडानिया को 7,073 वोट मिले, जबकि आरएलपी के गोपेश गोदारा को 844 वोट प्राप्त हुए। चुनाव परिणामों के बाद अब जिले में जिला प्रमुख और पंचायत समितियों के प्रधान पदों को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

चूरू जिला परिषद के जीते हुए सदस्य

वार्ड नंबर	विजेता	पार्टी
1	कमला	कांग्रेस
2	संतोष	भाजपा
3	अंजू बाला	कांग्रेस
4	खिंवाराम	भाजपा
5	बबीता भादू	कांग्रेस
6	प्रशांत	कांग्रेस
7	ओमप्रकाश डूडी	भाजपा
8	पूजा बोहरा	भाजपा
9	भजनदास	भाजपा
10	कनिका राठौड़	भाजपा
11	संतोष मेघवाल	भाजपा
12	भागीरथ प्रसाद	कांग्रेस
13	कमला देवी	कांग्रेस
14	रमेश कुमार	कांग्रेस
15	छोटू लाल	कांग्रेस
16	परमा	कांग्रेस
17	ओमप्रकाश मेघवाल	भाजपा
18	नारायणी	कांग्रेस
19	कमला	कांग्रेस
20	मंजू कंवर	कांग्रेस
21	राजकुमार	कांग्रेस
22	संतोष	कांग्रेस
23	कनिका सिंह	भाजपा
24	मंजू देवी	भाजपा
25	मंजू राहड़	भाजपा
26	प्रकाश देवी	कांग्रेस
27	शिशुपाल सिंह	कांग्रेस
28	नरेंद्र पूनिया	भाजपा
29	कुलदीप पूनिया	कांग्रेस
30	कुलदीप	कांग्रेस
31	विजय कुमार	कांग्रेस
32	रेनू	भाजपा
33	सत्यवीर सिंह	कांग्रेस
34	संजय पूनिया	कांग्रेस
35	सुमन आजाद	भाजपा
36	सुमन	CPIM
37	महावीर पूनिया	भाजपा
38	नरेश कुमार	भाजपा
39	पराक्रम सिंह	भाजपा

कनक बुडानिया 1383 वोटों से पीछे; तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया की पत्नी कनक बुडानिया जिला परिषद के वार्ड 38 में 1383 वोटों से पीछे चल रही हैं। भाजपा के नरेश कुमार को 8456 और कांग्रेस की कनक बुडानिया को 7073 वोट मिले हैं।

बीकानेर की 15 में से 13 पंचायत समितियों में कांग्रेस की जीत, जिला परिषद में भी 30 सीटें

- जिला परिषद चुनाव में भाजपा को 8, आरएलपी को 2 और माकपा को 1 सीट मिली

ज़ूम न्यूज ▶▶| बीकानेर

पंचायतीराज चुनाव के परिणामों में बीकानेर जिले की ग्रामीण राजनीति में कांग्रेस ने बढ़त दर्ज की है। जिले की 15 पंचायत समितियों में से 13 में कांग्रेस ने जीत हासिल की, जबकि भाजपा को केवल दो पंचायत समितियों में सफलता मिली। जिला परिषद की 41 सीटों में से कांग्रेस ने 30, भाजपा ने 8, आरएलपी ने 2 और माकपा ने 1 सीट पर जीत दर्ज की।

चुनाव परिणाम भाजपा के लिए राजनीतिक झटका माने जा रहे हैं। जिले में दो मंत्रियों और चार विधायकों की मौजूदगी के बावजूद पार्टी अधिकांश पंचायत समितियों में जीत हासिल नहीं कर सकी। वहीं कांग्रेस ने बीकानेर, हदां, खाजूवाला, छत्तरगढ़, लूणकरणसर, पूगल और कोलायत सहित जिले की कई पंचायत समितियों में जीत दर्ज की। भाजपा नोखा और बीठनोक पंचायत समितियों में ही बढ़त बना सकी। जिला परिषद चुनाव में दिवंगत रामेश्वर डूडी की पुत्रवधू निकिता कड़वासरा ने जीत दर्ज की है। उनके नाम की जिला प्रमुख पद के लिए संभावित दावेदार के रूप में चर्चा है। वहीं पूर्व मंत्री गोविन्दराम चौहान के पुत्र गौरव और पुत्री सरिता चौहान ने भी चुनाव में जीत हासिल की। चुनाव परिणामों के बाद जिले में जिला प्रमुख और पंचायत समितियों के प्रधान पदों को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। भाजपा के लिए चुनाव परिणामों की समीक्षा और कांग्रेस के लिए बोर्ड गठन की प्रक्रिया अब अहम रहेगी।

ब्रीफ न्यूज

डंपर-स्विफ्ट कार की भिड़ंत, दो युवकों की मौत, एक गंभीर घायल



ज़ूम न्यूज ▶▶| सरदारशहर

क्षेत्र के बुकनसर फांटा के पास गुरुवार देर रात करीब 2 बजे डंपर और स्विफ्ट कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सवार तीनों युवक हादसे का शिकार हो गए। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, 19 नवंबर की रात स्विफ्ट कार चाइयां-रावतसर की ओर जा रही थी। कार में सुरेंद्र (29), रणजीत (30) और अनिल कुमार (28) सवार थे। इसी दौरान सामने से आ रहे डंपर के चालक पर तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए कार को टक्कर मारने का आरोप है। हादसे के बाद राहगीरों की मदद से तीनों को राजकीय उप जिला अस्पताल, सरदारशहर पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने सुरेंद्र और रणजीत को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर घायल अनिल कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जयपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। रिपोर्ट के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस हादसे के कारणों और डंपर चालक की भूमिका की जांच कर रही है।

सरदारशहर पूर्व और भानीपुरा में भाजपा का बोर्ड बनना तय, सरदारशहर में कांग्रेस बहुमत से एक सीट दूर

ज़ूम न्यूज ▶▶| सरदारशहर

सरदारशहर, सरदारशहर पूर्व और भानीपुरा पंचायत समितियों के चुनाव परिणाम घोषित हो गए हैं। परिणामों के अनुसार सरदारशहर पूर्व और भानीपुरा पंचायत समिति में भाजपा का बोर्ड बनना तय माना जा रहा है, जबकि सरदारशहर पंचायत समिति में कांग्रेस बहुमत से एक सीट दूर रह गई है। सरदारशहर पंचायत समिति के 15 वार्डों में कांग्रेस ने 7, भाजपा ने 6 और आरएलपी ने 2 सीटों पर जीत दर्ज की। वहीं सरदारशहर पूर्व के 15 वार्डों में भाजपा ने 10, कांग्रेस ने 4 और आरएलपी ने 1 सीट हासिल की। भानीपुरा पंचायत समिति के 17 वार्डों में भाजपा ने 9 और कांग्रेस ने 8 सीटों पर जीत दर्ज की। इस तरह तीनों पंचायत समितियों के परिणामों में भाजपा ने दो जगह स्पष्ट बढ़त हासिल की है, जबकि सरदारशहर में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

इनोवा ने भेड़-बकरियों के रेवड़ को कुचला: बुचावास में 50 पशुओं की मौत



ज़ूम न्यूज ▶▶| चूरू

चूरू जिले की तारानगर तहसील के बुचावास गांव में शुक्रवार शाम इनोवा ने भेड़-बकरियों के रेवड़ को कुचल दिया। हादसे में करीब 50 पशुओं की मौत हो गई। घटना तारानगर-सरदारशहर रोड पर अगड़ी नाथ गौशाला के पास हुई। अर्जुन राम सुथार शुक्रवार शाम भेड़-बकरियां चराकर घर लौट रहे थे। रेवड़ सड़क किनारे चल रहा था, तभी तेज गति से आई इनोवा ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया। पशुओं की मौत से अर्जुन राम सुथार को आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने फरार ड्राइवर की पहचान कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने अर्जुन राम सुथार को मुआवजा देने की भी मांग की।

प्रदेश का सबसे बड़ा शिक्षा महकमा फिर चार्ज के भरोसे, बीडीए आयुक्त को सौंपी जिम्मेदारी

सीताराम जाट के सेवानिवृत्त होने के बाद से स्थायी निदेशक की नियुक्ति नहीं, पहले ललित कुमार के पास था अतिरिक्त प्रभार, अब नाना धायगुडे को सौंपी कमान, आखिर राजस्थान के इतने बड़े शिक्षा तंत्र को कब मिलेगा अपना पूर्णकालिक नेतृत्व?

ज़ूम न्यूज ▶▶| बीकानेर



राजस्थान के शिक्षा विभाग के सबसे बड़े महकमों में शामिल माध्यमिक और प्रारंभिक शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी एक बार फिर चार्ज के भरोसे छोड़ दी गई है। जिस विभाग के सुचारु संचालन के लिए दो आईएएस अधिकारियों की आवश्यकता है, वहां लंबे समय से नियमित नियुक्ति के बजाय अतिरिक्त प्रभार से काम चलाया जा रहा है। अब राज्य सरकार ने बीकानेर विकास प्राधिकरण (बीडीए) की आयुक्त आईएएस स्नेहल नाना धायगुडे को शिक्षा विभाग के निदेशक पदों का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार स्नेहल नाना धायगुडे अपने वर्तमान दायित्वों के साथ निदेशक, माध्यमिक शिक्षा विभाग, बीकानेर एवं समग्र शिक्षा अभियान के अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक (सीनियर) का कार्यभार भी संभालेंगी। इसके साथ ही उन्हें निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा विभाग तथा पंचायती राज (प्रारंभिक शिक्षा) विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। यह व्यवस्था आगामी आदेशों तक लागू रहेगी।

गौरतलब है कि सीताराम जाट के सेवानिवृत्त होने के बाद से शिक्षा विभाग नियमित निदेशक की नियुक्ति का इंतजार कर रहा है। इसके बाद ललित कुमार के पास इन पदों का अतिरिक्त प्रभार था। अब सरकार ने यह जिम्मेदारी बीडीए आयुक्त स्नेहल नाना धायगुडे को सौंप दी है। सवाल यह है कि प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों, हजारों स्कूलों, शिक्षकों और शिक्षा से जुड़ी तमाम योजनाओं का संचालन करने वाले इतने बड़े विभाग को आखिर कब तक अतिरिक्त प्रभार के भरोसे चलाया जाएगा? क्या सरकार को इस महकमे के लिए पूर्णकालिक अधिकारियों की जरूरत महसूस नहीं होती? एक ओर शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और प्रशासनिक जवाबदेही की बात होती है, दूसरी ओर विभाग के शीर्ष पदों पर स्थायी नियुक्ति के बजाय चार्ज की व्यवस्था जारी है।

भाजपा की गलतियों और खामियों से ढहा किला: पार्टी के लिए नहरी बेल्ट में रहा सूखा

ज़ूम न्यूज ▶▶| बीकानेर

पंचायती राज चुनावों ने सत्ताधारी भाजपा को बड़ा सियासी झटका दिया है वहीं कांग्रेस ने एकजुटता के दम पर जबरदस्त वापसी की है। चुनाव परिणामों का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि जिस इंदिरा गांधी नहर परियोजना क्षेत्र को भाजपा अपना मजबूत गढ़ मानती थी, वहां पार्टी का पूरी तरह सूपड़ा साफ हो गया है। इसके उलट, बारानी (असिंचित) क्षेत्रों में पार्टी किसी तरह अपनी लाज बचाने में कामयाब रही। नहरी पानी की राजनीति, खाद-बीज की किल्लत, संगठन की अनदेखी और सामान्य वर्ग की नाराजगी ने मिलकर भाजपा का गणित बिगाड़ दिया, जबकि कांग्रेस ने सधी हुई रणनीति और सोशल इंजीनियरिंग से बाजी पलट दी। वहीं, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) ने किंगमेकर बनकर दोनों प्रमुख दलों को चौंका दिया है।

इंदिरा गांधी नहर क्षेत्र में सिंचाई पानी की बारी भाजपा के लिए आत्मघाती साबित हुई। चार समूह की एक बारी पानी मिलने के बाद किसान लगातार चार समूह की बारी की मांग कर रहे थे। हालांकि, पौंग डैम में पानी की आवक और स्थिति चार समूह में पानी देने लायक नहीं थी, लेकिन पानी को लेकर हुई सियासत भाजपा को ले डूबी। जैसे ही तीन समूह की बारी तय हुई, किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। इसका सीधा असर हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर से लेकर बीकानेर के खाजूवाला, कोलायत और लूणकरणसर तक देखने को मिला। नतीजे इतने भयावह रहे कि खाजूवाला के 8 जिला परिषद सदस्य पद में भाजपा खाता तक नहीं खोल पाई। कोलायत के 9 जोन में भी पार्टी को एक भी सीट नसीब नहीं हुई। कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा के विधानसभा क्षेत्र लूणकरणसर में सिर्फ 3 सीट मिली। जिसे भाजपा का सबसे मजबूत किला माना जा रहा था वहां लूणकरणसर पंचायत समिति न सिर्फ हाथ से निकली, बल्कि जोड़-तोड़ की गुंजाइश भी खत्म हो गई। रुणिया में भी भाजपा बिना निर्दलीय या रालोपा के समर्थन के प्रधान बनाने की स्थिति में नहीं है। नहरी क्षेत्र के किसानों में इस बात को लेकर भी गहरी नाराजगी दिखी कि सरकार में सिंचाई मंत्री कौन है, क्षेत्र के लोग उनका नाम तक नहीं जानते। पुराने दौर में भाजपा के दिग्गज नेता नहरी क्षेत्र की नब्ज समझते थे और इसी बेल्ट से सिंचाई मंत्री बनाया जाता था, यही वजह थी कि रामेश्वर डूडी जैसे कद्दावर नेता के सामने भी भाजपा देवी सिंह भाटी, मानिक चंद सुराना और किसनाराम नाई जैसे नेताओं के भरोसे सम्मानजनक स्थिति में रहती थी।

रालोपा का सरप्राइज पैकेज: तीन समितियों में बनी किंगमेकर

इस पूरे चुनाव का सबसे दिलचस्प और चौंकाने वाला पहलू राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) का प्रदर्शन रहा। रालोपा ने न केवल भाजपा और कांग्रेस के चुनावी गणित को बिगाड़ा, बल्कि खुद को एक मजबूत तीसरे विकल्प के रूप में स्थापित किया है। जिले की 3 पंचायत समितियां अब ऐसी स्थिति में हैं, जहां बिना रालोपा के समर्थन के किसी भी दल का प्रधान बनना नामुमकिन है। पंचायती राज की सत्ता में रालोपा अब सीधी बारगेनिंग की स्थिति में आ गई है। सबसे खास बात यह रही कि दानाराम घिंटाला, मनोज माचरा और विजयपाल बेनीवाल जैसे युवा और नए चेहरों ने भाजपा-कांग्रेस के मंझे हुए दिग्गजों को चुनावी बिसात पर उलझा दिया।

सरपंच का चुनाव हारे कैंडिडेट को ग्रामीणों ने 71 लाख रुपए दिए

ज़ूम न्यूज ▶▶| नोखा

बीकानेर जिले की साधुना ग्राम पंचायत में ग्रामीणों और समर्थकों ने सरपंच का चुनाव हारे प्रत्याशी को 71 लाख रुपए दिए और विजेता की तरह सम्मानित किया। गुरुवार की शाम ग्राम पंचायत में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों और समर्थकों ने आपस में 71 लाख रुपए जुटा कर हारे प्रत्याशी मांगेराम डूडी को दिए। पारंपरिक साफा पहनाकर उनका हौसला बढ़ाया। लोगों के इस प्रेम को देखकर डूडी बोले-सोचा था साधु बनकर बैठूंगा, लेकिन अब पूरे सेवा भाव के साथ 5 साल संघर्ष करूंगा।

बीकानेर जिले की पांचू पंचायत समिति के साधुना ग्राम पंचायत में 16 नवंबर को चौथे चरण में हुए चुनाव में मांगेराम डूडी 474 वोटों से हार गए थे। पंचायत चुनाव में 3,331 वोटरों ने मतदान किया था। इस दौरान प्रतिद्वंद्वी श्रवणराम को 1,853 और मांगेराम डूडी को 1,379 वोट मिले। तीसरे प्रत्याशी मुकेश भांभू को 46 वोट मिले। सात मतदाताओं ने नोटा का इस्तेमाल किया, जबकि 46 वोट खारिज हुए। चुनाव में मांगेराम डूडी को 474 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था।

चूरू पंचायत समिति सदस्यों की सूची

वार्ड नंबर	विजय प्रत्याशी	पार्टी
1	प्यारेलाल	कांग्रेस
2	मूलाराम कस्बा	भाजपा
3	पूजा	कांग्रेस
4	राधेश्याम	कांग्रेस
5	नरेंद्र	कांग्रेस
6	मीरा	कांग्रेस
7	संगीता	कांग्रेस
8	छोटू देवी	कांग्रेस
9	कैलाश कुमार	कांग्रेस
10	विद्या देवी	भाजपा
11	अनीता कंवर	भाजपा
12	राकेश कुमार	कांग्रेस
13	मनोज कुमार	कांग्रेस
14	सुशीला	कांग्रेस
15	नरेश कुमार	कांग्रेस

चूरू पंचायत समिति उत्तर के सदस्यों की सूची

वार्ड नंबर	विजय प्रत्याशी	पार्टी
1	कविता कंवर	भाजपा
2	विक्रम सिंह	भाजपा
3	भंवरलाल	भाजपा
4	निर्मला	भाजपा
5	आदूराम	भाजपा
6	किरण देवी	भाजपा
7	इमरती देवी	आरएलपी
8	ज्योति कंवर	भाजपा
9	रणधीर सिंह	भाजपा
10	संतोष कंवर	भाजपा
11	सुभाष जांगिड़	भाजपा
12	अनीता देवी	कांग्रेस
13	सरोज देवी	भाजपा
14	रघुवीर	भाजपा
15	सत्यनारायण	भाजपा

रतनगढ़ पंचायत समिति के सदस्यों की सूची

वार्ड नंबर	विजय प्रत्याशी	पार्टी
1	कमला, भाजपा	माया, कांग्रेस
2	जाबिर खान, आरएलपी	मनफूल, कांग्रेस
3	इंदिरा, कांग्रेस	तेजस्विनी, भाजपा
4	पोकरराम, आरएलपी	बलराम, भाजपा
5	डालूराम, कांग्रेस	खींवाराम, भाजपा
6	जेठाराम, कांग्रेस	पप्पूराम, भाजपा
7	सरोज कंवर, भाजपा	गुमानी, कांग्रेस
8	हड़मानाराम, निर्दलीय	प्रदीप, भाजपा
9	आदूराम मेघवाल, कांग्रेस	रतेश कुमार, भाजपा
10	पवन सिंह, निर्दलीय	श्री कृष्ण, कांग्रेस
11	जगजीत सिंह, भाजपा	दामोदर प्रसाद, कांग्रेस
12	अनिता कंवर, निर्दलीय	मंजू, भाजपा
13	हरिराम, निर्दलीय	ताराचंद, कांग्रेस
14	सुरेंद्र कुमार, कांग्रेस	भीमाराम, भाजपा
15	परमेश्वरी, निर्दलीय	जसोदा, भाजपा
16	कमला कुमारी, कांग्रेस	अनिता, भाजपा
17	हिम्मत सिंह, भाजपा	पप्पू, कांग्रेस
18	पूजा नायक, आरएलपी	शरबती देवी, कांग्रेस
19	रामप्यारी, कांग्रेस	सुमित्रा, भाजपा
20	पदमा देवी, कांग्रेस	संतोष, भाजपा
21	किशनलाल, भाजपा	रामलाल, कांग्रेस
22	बनवारी लाल, भाजपा	बालचंद, कांग्रेस
23	सुमन देवी, कांग्रेस	ताज बानों, आरएलपी
24	माया कुमारी, आरएलपी	सरोज, कांग्रेस
25	पन्नाराम, कांग्रेस	भागीरथ सिंह, भाजपा
26	इंद्रा, कांग्रेस	गीता, भाजपा
27	राकेश कुमार, कांग्रेस	कुमामरा, आरएलपी
28	रचना देवी, कांग्रेस	माया, भाजपा
29	जयना देवी, कांग्रेस	कमला देवी, भाजपा

सुजानगढ़ पंस में कांग्रेस को बहुमत; रतनगढ़ विधायक गोदारा की पत्नी व बहू जीतीं

ज़ूम न्यूज ▶▶| सुजानगढ़

पंचायत समिति के 25 वार्डों के चुनाव परिणामों में इस बार जीत-हार के कई दिलचस्प रंग देखने को मिले। कहीं प्रत्याशी ने एक हजार से अधिक वोटों के अंतर से जीत दर्ज की तो कहीं हार-जीत का फैसला महज 20 वोटों से हुआ। कांग्रेस ने 16 वार्डों में जीत दर्ज कर सबसे अधिक सीटें हासिल कीं, जबकि भाजपा को 7 वार्डों में सफलता मिली। आरएलपी और निर्दलीय प्रत्याशी ने भी एक-एक वार्ड में जीत दर्ज की। चुनाव में सास-बहू की जोड़ी ने जीत हासिल की, वहीं पूर्व उपप्रधान दीवानसिंह और उनकी पत्नी रेखा कंवर को हार का सामना करना पड़ा।

चुनाव में पारिवारिक समीकरण भी चर्चा में रहे। रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा की पत्नी वार्ड 2 से नानीदेवी और वार्ड 3 से उनकी पुत्रवधु ऋतु ने कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की। नानीदेवी ने आरएलपी की कमलादेवी को 379 वोटों से हराया, जबकि ऋतु ने भाजपा के दुलीचंद को 776 वोटों से शिकस्त दी। दूसरी ओर पूर्व उपप्रधान दीवानसिंह वार्ड 22 से चुनाव हार गए। उन्हें 771 वोट मिले और वे तीसरे स्थान पर रहे। उनकी पत्नी रेखा कंवर भी वार्ड 11 से चुनाव हार गईं। उन्हें 1367 वोट मिले और वे तीसरे स्थान पर रहीं। वार्ड 22 में भाजपा की दीपा कंवर और वार्ड 11 में भाजपा की अंजू कंवर विजेता रहीं। आरएलपी ने वार्ड 13 में जीत दर्ज की, लेकिन कई अन्य वार्डों में भी उसके प्रत्याशियों ने मुकाबले को दिलचस्प बनाया। वार्ड 2 में कमलादेवी ने 1740 वोट लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। वार्ड 5 में सुखीदेवी, वार्ड 10 में रेवंती, वार्ड 11 में संतोष, वार्ड 12 में विमला ढिढ़ारिया, वार्ड 22 में प्रकाश सिंवर और वार्ड 24 में जीवनी दूसरे स्थान पर रहे। वार्ड 1 में आरएलपी की गीता को 863 वोट मिले। वे भाजपा की संतोषदेवी से महज एक वोट पीछे रहीं। हालांकि कांग्रेस की संतू ने 1011 वोट लेकर जीत दर्ज की। वार्ड 7 में भी आरएलपी के राकेश 1146 वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहे। उल्लेखनीय है कि पिछले चुनाव में भाजपा को 16, कांग्रेस को 10 व अन्य को 2 वार्डों में जीत मिली थी। इस बार भाजपा को 6 सीटों का नुकसान हुआ और कांग्रेस को 6 का फायदा हुआ। पंस. में सबसे बड़ी जीत वार्ड 19 में कांग्रेस की कमलादेवी के नाम रही। उन्होंने भाजपा की मुन्नी कंवर को 1461 वोटों से हराया। कमलादेवी को 3036 और मुन्नी कंवर को 1575 वोट मिले। इस वार्ड में नोटा पर भी 232 वोट पड़े। दूसरी बड़ी जीत वार्ड 18 में कांग्रेस के भागीरथ डूडी की रही। उन्होंने निर्दलीय करिश्मा कंवर को 1067 वोटों से शिकस्त दी। भाजपा के ओमप्रकाश कुम्हार तीसरे स्थान पर रहे। वार्ड 25 में भाजपा के जेठाराम ने कांग्रेस के कन्हैयालाल को 977 वोटों से हराया। वार्ड 13 में सबसे करीबी मुकाबला देखने को मिला। यहां आरएलपी के धर्मवीर ने भाजपा की रेखा कंवर को महज 20 वोटों से हराया।

झुंझुनूं जिला परिषद में भाजपा हारी, कांग्रेस 29 वार्डों में जीती: 14 में से 9 पंचायत समितियों में कांग्रेस का बोर्ड तय; सिर्फ एक वोट से जीती सरिता

ज़ूम न्यूज ▶▶| झुंझुनूं

पंचायतीराज चुनाव की मतगणना के बाद झुंझुनूं जिले में कांग्रेस ने जिला परिषद में स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। जिला परिषद के सभी 41 वार्डों के चुनावी नतीजे आ चुके हैं। इनमें कांग्रेस ने 29 वार्डों में जीत दर्ज की है, जबकि भाजपा को 11 सीटों पर संतोष करना पड़ा। वहीं एक वार्ड में निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहा। जिला परिषद में बहुमत के लिए 21 सीटों की आवश्यकता थी, लेकिन कांग्रेस ने 29 सीटें जीतकर बहुमत के आंकड़े को आसानी से पार कर लिया। जिला परिषद में कांग्रेस का बोर्ड बनना लगभग तय है। जिला परिषद के वार्ड नंबर 5 से निवर्तमान जिला प्रमुख और पूर्व सांसद नरेंद्र खींचड़ की बहू हर्षिनी कुलहरि ने जीत दर्ज की है। उनकी देवरानी अनामिका चुनाव हार गई हैं।

जिला परिषद झुंझुनूं के नतीजे

वार्ड नं.	प्रत्याशी	पार्टी
1	समीरा बानो (अनिश खान)	कांग्रेस
2	डॉ. भगवती वर्मा	कांग्रेस
3	डॉ. निकिता	कांग्रेस
4	विमल कंवर	भाजपा
5	हर्षिनी कुलहरि	भाजपा
6	सुशीला सीगड़ा	कांग्रेस
7	जगदीश प्रसाद	कांग्रेस
8	कविता कुमारी	कांग्रेस
9	श्रवण सिंह	कांग्रेस
10	कानता	कांग्रेस
11	किरण कुमावत	कांग्रेस
12	सरस्वती जांगिड़	कांग्रेस
13	आशुतोष	कांग्रेस
14	सरोज देवी	भाजपा
15	शांति	कांग्रेस
16	कोमल भंवरिया	कांग्रेस
17	विजयपाल सिंह	कांग्रेस
18	दीक्षा अहलावत	भाजपा
19	दिनेश कुमार	कांग्रेस
20	रंजना कुमारी धींवा	कांग्रेस
21	दीपक कुमार	कांग्रेस
22	उर्मिला कंवर	भाजपा
23	शीला देवी	निर्दलीय
24	रतिराम	कांग्रेस
25	सत्यवीर सिंह	कांग्रेस
26	अमर सिंह	कांग्रेस
27	निशा चनेजा	कांग्रेस
28	रजनीश	कांग्रेस
29	मीनू कुमारी	भाजपा
30	योगेश गुर्जर	कांग्रेस
31	मनीषा	कांग्रेस
32	अनिता	कांग्रेस
33	राजकुमार	कांग्रेस
34	सुरेन्द्र कुमार	भाजपा
35	सुंदर देवी	कांग्रेस
36	कल्पना गोयन	भाजपा
37	अंजू कला	भाजपा
38	बल्लाराम	भाजपा
39	नेहा	भाजपा
40	परवेश जानू	कांग्रेस
41	खलील बुडाना	कांग्रेस

पंचायत समितियों के नतीजे

- **कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत (9 समितियां):** कांग्रेस ने चिड़ावा (19 में से 10 सीटें), अलसीसर (19 में से 12 सीटें), मण्डावा (15 में से 8 सीटें), सूरजगढ़ (15 में से 11 सीटें), सिंघाना (15 में से 9 सीटें), गोठड़ा (17 में से 13 सीटें), नवलगढ़ (17 में से 9 सीटें), उदयपुरवाटी (17 में से 12 सीटें) और गुढ़ागौड़जी (23 में से 13 सीटें) में स्पष्ट बहुमत हासिल कर अपना दबदबा कायम किया है।
- **बुहाना (कुल 17 सीटें):** कांग्रेस 8 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनी, लेकिन बहुमत (9) से एक सीट दूर रह गई। यहाँ भाजपा को 5 और निर्दलीयों को 4 सीटें मिली हैं।
- **झुंझुनूं (कुल 19 सीटें):** कांग्रेस 9 सीटों के साथ बहुमत (10) से महज एक कदम पीछे रह गई, जबकि भाजपा और निर्दलीयों को 5-5 सीटें मिली हैं।
- **बबाई (कुल 17 सीटें):** भाजपा 7 सीटों के साथ आगे रही, लेकिन बहुमत से दूर है। यहाँ निर्दलीयों को 6 और कांग्रेस को 4 सीटें मिली हैं।
- **खेतड़ी (कुल 21 सीटें):** भाजपा को 9, निर्दलीयों को 7 और कांग्रेस को 5 सीटें मिली हैं, जिससे यहाँ भी बहुमत (11) किसी के पास नहीं है।
- **पिलानी (कुल 17 सीटें):** कांग्रेस और भाजपा 7-7 सीटों के साथ बराबरी पर रहीं, जबकि 3 निर्दलीय जीतकर आए हैं।

पत्नी, बेटों और रिश्तेदारों को नहीं जिता पाए मंत्री: पूर्व विधायक हारे

जयपुर। राजस्थान के जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव में मंत्री से लेकर ज्यादातर दिग्गज नेता अपनी साख नहीं बचा पाए। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा की पत्नी, दो बेटों और छोटे भाई की पत्नी को हार का सामना करना पड़ा। वहीं, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा और PWD राज्य मंत्री के मंजू बाघमार के रिश्तेदार भी हारे। वहीं, पूर्व सरकारिता मंत्री अजय सिंह किलक की भाभी को हार का सामना करना पड़ा।

बीजेपी में विधायक रहे 5 नेताओं ने पंचायत चुनाव में अपनी किस्मत आजमाई, उनमें से 2 को जीत नसीब हुई। साथ ही पिछली कांग्रेस सरकारों में मंत्री और विधायक पदों पर रहे अधिकतर नेताओं ने अपने रिश्तेदारों को जिताने में कामयाबी हासिल की।

कांग्रेस को 23 और भाजपा को 5 जिलों में बहुमत

राजस्थान में जिला परिषद सदस्यों के चुनाव के शुक्रवार को आए नतीजों में कांग्रेस को बड़ी जीत मिली। कुल 37 जिला परिषदों में पार्टी को जयपुर समेत 23 जगह बहुमत मिला। चार जगह कांग्रेस सबसे बड़ा दल है। वहीं भाजपा को केवल 5 जिलों में बहुमत मिल पाया। सलूंबर में भाजपा बड़ी पार्टी बनी है। नागौर में आरएलपी ने बड़ी जीत दर्ज की। 8 जिलों में निर्दलीय किंगमेकर बनेंगे। 20 नवंबर को 37 जिलों के ही रिजल्ट सामने आए हैं। कोटा, श्रीगंगानगर, बारां और करौली जिलों की काउंटिंग 17 दिसंबर को होगी।

ब्रीफ न्यूज

275 पंचायत समितियों में कांग्रेस और 63 में भाजपा जीती: जोधपुर में कहीं भी BJP को बहुमत नहीं

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

प्रदेश के 37 जिलों की 419 पंचायत समितियों के शुक्रवार को आए नतीजों में कांग्रेस बड़ी जीत दर्ज की है। कांग्रेस 275 पंचायत समितियों और भाजपा 63 में जीती है। अन्य 64 में जीते हैं, जबकि 17 में किसी दल को बहुमत नहीं है। जयपुर जिले की 22 पंचायत समितियों में से 14 में कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। भाजपा को चौमूं और सांभर लेक, RLP को सांगानेर में बहुमत मिला है। अमरसर, जालसू, मौजमाबाद, रामपुरा डाबरी और दूदू में किसी को बहुमत नहीं मिला। इन चुनावों में कई बड़े उलटफेर भी देखने को मिले। UDH मंत्री झाबर सिंह खर्रा की पत्नी शांति देवी, बेटे दुर्गा सिंह खर्रा और अजय सिंह चुनाव हार गए। खर्रा के छोटे भाई की पत्नी प्रतिमा खर्रा भी चुनाव हार गईं। 20 नवंबर को 37 जिलों की पंचायत समितियों के ही रिजल्ट सामने आए हैं। कोटा, श्रीगंगानगर, बारां और करौली जिलों की पंचायत समितियों की काउंटिंग 17 दिसंबर को होगी।

जोधपुर में मकान की पहली मंजिल पर लगी आग: आधे घंटे में पाया काबू

ज़ूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

जोधपुर के जालोरी गेट पर एक मकान की पहली मंजिल पर आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग के कर्मचारियों ने करीब आधे घंटे में आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पाने से किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई। शास्त्री नगर फायर स्टेशन के मोहनलाल ने बताया- रात करीब सवा आठ बजे आग लगने की सूचना मिली थी। इसके दो गाड़ियां लेकर मौके पर रवाना हुए। जालोरी गेट पर स्थित इस मकान के नीचे के हिस्से में स्टूडियो बना हुआ है। स्टूडियो के ऊपर के हिस्से में आग लगी तब उस समय वहां कोई नहीं था और कमरा बंद पड़ा था। करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया, किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। आग के कारणों का फिलहाल पता नहीं लग पाया है। गौरतलब है कि यह स्टूडियो जालोरी गेट चौराहे के पास स्थित है। शाम के समय यहां पर काफी आवागमन रहता है। ऐसे में आग फैलने पर बड़ा हादसा हो सकता था जो समय रहते आग पर काबू पाने से टल गया।

सत्संग और भक्ति करने से जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है: संत

ज़ूम न्यूज ▶▶| सोयला

सोयला कस्बे के सदगुरु कबीर आश्रम में सदगुरु भोलाराम महाराज मंदिर एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के तृतीय वर्ष पाटोत्सव पर तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। आश्रम के स्वामी माधवदास महाराज के सानिध्य में हुए आयोजन में संगीतमय सत्संग, भजन और प्रवचनों से माहौल भक्तिमय हो गया। इसमें आसपास के गांवों के ग्रामीणों के साथ गुजरात, चेन्नई, पंजाब सहित विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु शामिल हुए। शुक्रवार को सत्संग में स्वामी माधवदास महाराज ने कहा कि मनुष्य को सांसारिक माया से मुक्त होकर विवेक, शुद्ध विचार, सुमिरन और साधना का मार्ग अपनाना चाहिए। रतकुडिया भोलाराम महाराज देवरी धाम के महंत रमैया दास महाराज ने कहा कि सत्संग और भक्ति से जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है। आयोजन में विभिन्न आश्रमों के संत-महंतों ने भी प्रवचन दिए। शास्त्री रामदास महाराज सहित कई संतों की मौजूदगी में भजन-कीर्तन हुए।

मंडावा में ज्यादा वोट लेकर भी हारी बीजेपी, निर्दलीयों व रालोपा से नुकसान

ज़ूम न्यूज ▶▶| झुंझुनूं



जिला परिषद के 41 वार्डों के चुनाव परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिए। परिणामों में इस बार ग्रामीण राजनीति में महिलाओं की मजबूत भागीदारी और दबदबा साफ तौर पर देखने को मिला है। कुल 41 में से 26 वार्डों में महिला प्रत्याशी जीतीं हैं। यह संख्या कुल सीटों के आधे से भी अधिक है। चुनावी आंकड़ों पर गौर करें तो जिले के 31 वार्डों में 89 महिला प्रत्याशियों ने जिप सदस्य बनने के लिए दावेदारी पेश की थी। इनमें से 26 ने जीत हासिल की है। जिले के 10 वार्ड ऐसे भी हैं, जहां एक भी महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं थी। इनमें वार्ड नंबर 7, 9, 17, 19, 24, 26, 28, 33, 34 और 41 शामिल हैं।

वार्ड नंबर 40 में सबसे ज्यादा 7 महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में थीं। इसके अलावा 9 वार्ड ऐसे हैं, जहां महिला प्रत्याशियों की संख्या केवल एक-एक थी। इनमें वार्ड संख्या 13, 15, 18, 21, 25, 29, 30, 32 और 38 शामिल हैं। जिले की 14 पंचायत समितियों में कांग्रेस को भाजपा से 46477 वोटों की बढ़त मिली है। कांग्रेस को 349347 वोट मिले हैं जबकि भाजपा 302870 वोट हासिल कर पाई। चौंकाने वाली बात यह है कि निर्दलीय पूरी तरह हावी रहे। निर्दलीयों ने 257528 वोट हासिल किए हैं। भाजपा को बड़ा नुकसान रालोपा से हुआ। रालोपा को जिले में 25082 वोट मिले। कुल मिलाकर कांग्रेस 10 पंस में भाजपा से आगे रही है। भाजपा केवल चार में बढ़त बना सकी। बबाई, बुहाना, चिड़ावा, खेतड़ी में निर्दलीयों ने दोनों पार्टियों से ज्यादा वोट लिए। 10 पंस में कांग्रेस आगे, 4 में भाजपा को उससे ज्यादा वोट मिले : पंचायत समितिवार दर्ज आंकड़ों के अनुसार कांग्रेस ने 10 स्थानों पर भाजपा से ज्यादा वोट हासिल किए। सबसे बड़ी बढ़त उदयपुरवाटी में 10381 वोट की रही। इसके बाद अलसीसर में 6726, गोठड़ा में 6400, गुढ़ागौड़जी में 6138 और झुंझुनूं में 5605 वोट की बढ़त मिली। सूरजगढ़ में कांग्रेस ने 4572, चिड़ावा में 2950, नवलगढ़ में 1769 और बुहाना में 708 वोट भाजपा से ज्यादा लिए हैं। भाजपा ने बबाई में 2336, खेतड़ी में 1257, मंडावा में 82 और पिलानी में 160 वोट की बढ़त बनाई। भाजपा की चार बढ़त वाली पंचायत समितियों में दो जगह मुकाबला बेहद करीबी रहा। मंडावा में कांग्रेस और भाजपा के बीच अंतर महज 82 वोट का रहा। पिलानी में भी यह अंतर केवल 160 वोट था। यानी इन क्षेत्रों में दोनों दलों के बीच मुकाबला लगभग बराबरी का रहा। महिला प्रत्याशियों ने आरक्षित 20 सीटों के अलावा बिना आरक्षण वाली 6 सीटों पर भी जीत दर्ज की है। निर्वाचन विभाग के अनुसार महिलाओं के लिए 20 वार्ड आरक्षित थे। इनमें सामान्य महिला के लिए वार्ड नंबर 1, 3, 4, 6, 8, 11, 12, 14, 20, 22, 23, 39 व 40 आरक्षित थे। अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए वार्ड नंबर 10, 16, 27 व 35 आरक्षित थे। अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए वार्ड नंबर 2, 36 व 37 आरक्षित थे। महिलाओं ने इनके अलावा सामान्य वर्ग के वार्ड नंबर 5, 14 व 32 में भी जीत दर्ज की है। ओबीसी वर्ग के वार्ड नंबर 18, 29 व 31 में भी महिलाओं की जीत मिली है। महिलाओं में सबसे बड़ी जीत व सबसे छोटी हार : महिला प्रत्याशियों में जिप के वार्ड 15 से कांग्रेस की शांति को 6361 वोटों से जीत मिली है। उन्हें 13537 वोट व निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के पुष्कर सिंह सूरपुरा को 7176 वोट मिले। यह महिला प्रत्याशियों में सबसे बड़ी जीत रही। इसके बाद जिला परिषद के वार्ड 29 से भाजपा की मीनू कुमारी ने 5141 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। महिला प्रत्याशियों में सबसे कांटे की टक्कर वार्ड 32 में रही। यहां कांग्रेस की अनिता ने 305 वोटों से जीत हासिल की है। उन्हें 7969 वोट मिले। निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के गिरबर सिंह को 7664 वोट मिले। इसी तरह वार्ड 18 में भाजपा की दीक्षा अहलावत ने केवल 325 वोटों से जीत हासिल की।

गलत दिशा आए ट्रक से टकराया ट्रेलर, ड्राइवर की मौत: एक अन्य हुआ घायल

देवगढ़ में भारतमाला पुलिया के पास हादसा

ज़ूम न्यूज ▶▶| बालेसर



जोधपुर-जैसलमेर नेशनल हाईवे 125 पर देवगढ़ गांव में भारतमाला पुलिया के पास शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे ट्रक और ट्रेलर की टक्कर हो गई। हादसे में ट्रेलर चालक की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हुआ। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रक चालक गलत दिशा से हाईवे पर नीचे उतर रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रेलर से उसकी टक्कर हो गई। दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

स्थानीय निवासी श्रवण चौधरी और अन्य लोगों ने ट्रेलर में फंसे ड्राइवर अजय (45), निवासी पिलानी, झुंझुनूं को बाहर निकाला। वे उसे निजी वाहन से आगोलाई पीएचसी ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर अजय को जोधपुर रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर एएसआई सुखराम पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात शुरू कराया। स्थानीय लोगों ने बताया कि भारतमाला टोल प्लाजा से उतरकर कई भारी वाहन रोज गलत दिशा में आते हैं। उनके मुताबिक, चालक करीब आधा किलोमीटर की दूरी बचाने के लिए गलत साइड से वाहन चलाते हैं। यहां पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। ग्रामीणों ने सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पूर्व सैनिकों के लिए योजनाओं के आवेदन ऑनलाइन शुरू

ज़ूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

पूर्व सैनिक, वीरांगनाएं और उनके आश्रित अब सैनिक कल्याण विभाग की योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए सैनिक वेलफेयर मैनेजमेंट पोर्टल शुरू किया गया है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी शेरगढ़ (जोधपुर) लेफ्टिनेंट कर्नल (से.नि.) बख्तावर सिंह चौधरी ने प्रेस नोट जारी कर क्षेत्र के पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को इसकी जानकारी दी। पोर्टल पर पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों का पंजीकरण, सम्मान आवेदन और द्वितीय विश्व युद्ध पेंशन (नॉन पेंशनर) के लिए आवेदन किया जा सकेगा। कारगिल पैकेज के तहत नियोजन, नकद सहायता, भूमि आवंटन, आवास और विद्यालय में नामांकन के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। शौर्य पदक धारक नकद और भूमि संबंधी सुविधाओं के लिए आवेदन कर सकेंगे। केंद्रीय सैनिक बोर्ड (KSB) के पोर्टल पर भी कई योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा है।

फलोदी समेत सभी पंचायत समितियों में कांग्रेस का बोर्ड

देचूं में सिर्फ एक वार्ड में जीती भाजपा, जिला परिषद में कांग्रेस ने जीते 21 वार्ड

ज़ूम न्यूज ▶▶| फलोदी

फलोदी जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव की मतगणना हुई। मतगणना जयनारायण मोहनलाल पुरोहित राजकीय पीजी कॉलेज में हुई। जहां जिला परिषद के 23 और 9 पंचायत समितियों के कुल 141 वार्डों के वोटों की काउंटिंग हुई। इनमें फलोदी में 15, बाप में 19, घंटियाली में 17, लोहावट में 15, पीलवा में 15, देचू में 15, सेतरावा में 15, आऊ में 15 और बापिणी में 15 वार्ड हैं। घंटियाली पंचायत समिति के 16 वार्डों में कांग्रेस ने 12, भाजपा ने 3 और निर्दलीय ने 1 वार्ड में जीत हासिल की है। देचू पंचायत समिति के 15 वार्डों में कांग्रेस ने 14 और भाजपा ने 1 वार्ड में जीत हासिल की है।

आऊ पंचायत समिति के 15 वार्डों में कांग्रेस ने 8, भाजपा ने 3, RLP ने 3 और निर्दलीय ने 1 वार्ड में जीत हासिल की है। बापणी पंचायत समिति के 15 वार्डों में कांग्रेस ने 9, भाजपा ने 2, RLP ने 2 और निर्दलीय ने 2 वार्डों में जीत हासिल की है। बाप पंचायत समिति के 18 वार्डों में कांग्रेस ने 15 और भाजपा ने 3 वार्डों में जीत हासिल की है।

25 से 28 नवंबर तक होंगे जिला प्रमुख और प्रधान के चुनाव

मतगणना के बाद जिला प्रमुख और पंचायत समितियों के प्रधान सहित अन्य पदों के चुनाव होंगे। इसके तहत 25 नवंबर को जिला प्रमुख, 26 नवंबर को उप जिला प्रमुख, 27 नवंबर को प्रधान और 28 नवंबर को उप प्रधान का चुनाव कराया जाएगा। इन पदों के निर्वाचन में जिला परिषद और पंचायत समिति के नवनिर्वाचित सदस्य मतदान करेंगे।

महेंद्रगढ़ केस में झुंझुनू के युवक को अग्रिम जमानत मिली

एससी-एसटी एक्ट में पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट का फैसला: जातिगत अपमान का इरादा-पब्लिक व्यू जरूरी

महेंद्रगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 (SC/ST Act) को लेकर स्पष्ट कहा है कि SC/ST एक्ट के तहत अपराध के लिए जातिगत अपमान का स्पष्ट इरादा (Intention) और घटना का 'पब्लिक व्यू' में होना अनिवार्य है; यदि एफआईआर से प्रथम दृष्टया यह अपराध नहीं बनता, तो अधिनियम की धारा 18 के तहत अग्रिम जमानत पर लगा कानूनी प्रतिबंध लागू नहीं होगा। हाईकोर्ट ने इसके साथ ही महेंद्रगढ़ जिले के निजामपुर थाने में दर्ज मारपीट व जातिसूचक गालियां देने के एक मामले में राजस्थान के झुंझुनू निवासी प्रदीप को राहत देते हुए अग्रिम जमानत दे दी। इसमें लगी BNS की धाराएं पहले से ही जमानती थी। हाई कोर्ट की न्यायाधीश न्यायमूर्ति शालिनी सिंह नागपाल की एकल पीठ ने 19 नवंबर को मामले की सुनवाई में नारनौल के सत्र न्यायाधीश के 18 सितंबर के आदेश को रद्द कर दिया और 7 अक्टूबर 2026 के अंतरिम अग्रिम जमानत आदेश को BNSS, 2023 की धारा 482(2) की शर्तों के अधीन स्थायी (Absolute) कर दिया।

शिकायतकर्ता अजय के अनुसार, 19 अगस्त 2026 को शाम करीब 6 बजे वे और रोहित गांव के सरकारी स्कूल के पास बैठे थे। तभी कृष्ण (पुत्र सरदारा राम) आया और उन्हें बाइक पर बैठाकर राकेश के खेतों में ले गया। वहां पर हेमराज, प्रदीप, सचिन और राजस्थान के मेहाड़ा गुर्जरवास निवासी प्रदीप पहले से मौजूद थे। आरोप है कि इन लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर शिकायतकर्ता के हाथ-पैर पर चोटें पहुंचाईं, जातिसूचक गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी।

जमानत याचिका जिला कोर्ट में हुई खारिज

इस घटना को लेकर 23 अगस्त 2026 को थाना निजामपुर (जिला महेंद्रगढ़) में BNS की धारा 115, 3(5), 351(3) तथा SC/ST एक्ट की धारा 3(2)(va) के तहत FIR (67) दर्ज की गई थी। 18 सितंबर 2026 को नारनौल के सत्र न्यायाधीश ने प्रदीप की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। बाद में उसने हाईकोर्ट में अपील की थी। अपीलकर्ता प्रदीप के अधिवक्ता ने हाईकोर्ट में दलील दी कि BNS की सभी धाराएं जमानती हैं और SC/ST एक्ट का अपराध प्रथम दृष्टया नहीं बनता, क्योंकि राजस्थान निवासी अपीलकर्ता को शिकायतकर्ता की जाति की जानकारी ही नहीं थी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 'पृथ्वी राज चौहान', 'विलास पांडुरंग पवार' और 'शाजन स्कारिया बनाम केरल राज्य (2024)' के फैसलों का हवाला देते हुए हाईकोर्ट ने अंतरिम सुरक्षा प्रदान की जाए।

हाईकोर्ट ने संविदा एएनएम के नियमितीकरण का आदेश बरकरार रखा: राज्य सरकार की अपीलें खारिज

ज़ूम न्यूज ▶▶| जोधपुर



राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने संविदा एएनएम के नियमितीकरण से जुड़ी राज्य सरकार की अपीलें खारिज कर दीं। कोर्ट ने एकलपीठ का आदेश याचिकाकर्ताओं तक बरकरार रखा है। न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर और न्यायाधीश संदीप शाह की खंडपीठ ने पाया कि निशा माथुर, पुष्पा पुरोहित सहित अन्य एएनएम वर्ष 2003 से नियमित कर्मचारियों के समान काम कर रही हैं। वे चिकित्सा विभाग में संविदा पर सेवाएं दे रही हैं। याचिकाकर्ताओं के वकील यशपाल खिलेरी ने बताया कि चयन समिति ने मेरिट और रोस्टर के आधार पर 5 मई 2003 को अस्थायी नियुक्ति दी थी। इसके बाद से उनकी सेवाएं बिना किसी ब्रेक के जारी हैं।

145 अभ्यर्थियों को दे चुके नियुक्ति

उन्होंने चिकित्सा अधीनस्थ सेवा नियम, 1965 का हवाला देते हुए कहा कि विभाग कई याचिकाकर्ताओं को पहले ही नियमित नियुक्ति दे चुका है। रिकॉर्ड के मुताबिक, संबंधित 164 अभ्यर्थियों में से 145 को राज्य सरकार में नियमित नियुक्ति मिल चुकी है। खंडपीठ ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए एकलपीठ के 28 जुलाई 2014 के आदेश को याचिकाकर्ताओं तक सही माना। उस आदेश में तीन महीने के भीतर नियमितीकरण और आगे से नियमित वेतनमान देने का निर्देश था। हालांकि, खंडपीठ ने याचिका दायर नहीं करने वाले अन्य संविदा कर्मचारियों को समान लाभ देने का सामान्य निर्देश खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि 10 साल की सेवा और हर व्यक्ति के तथ्यों की जांच किए बिना ऐसा करने से प्रशासनिक दिक्कतें हो सकती हैं।

सड़कों पर निकली बारातें: एकादशी के अबूझ मुहूर्त में राजस्थान में 30 हजार से ज्यादा जोड़े विवाह बंधन में बंधे



ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

चार महीने के बाद शुक्रवार को देवउठनी एकादशी के अबूझ सावे के साथ ही प्रदेशभर में शादियों का महाकुंभ शुरू हो गया है। नवंबर और दिसंबर के 10 प्रमुख सावों में प्रदेशभर में करीब 4 लाख 56601 शादियां होने जा रही हैं। शुक्रवार को पहले ही दिन देवउठनी एकादशी के अबूझ मुहूर्त में जयपुर शहर में करीब 5403 और जिले के ग्रामीण इलाकों को मिलाकर 7575 शादियां हुईं, जबकि प्रदेश में यह आंकड़ा 40 हजार के पार रहा। शादियों की इस जबरदस्त बहार से वेडिंग इंडस्ट्री से जुड़े छोटे-बड़े सभी कारोबारों में बूम आ गया है। नवंबर-दिसंबर के 10 सावों के लिए जयपुर के सभी 1400 विवाह स्थल और करीब 129 रिसॉर्ट्स में 90 फीसदी तक बुकिंग फुल हो चुकी हैं। विवाह स्थल समारोह समिति संरक्षक मोहनलाल अग्रवाल का कहना है कि इन दो महीनों के सभी सावे के लिए लाइट, फूल, घोड़ी, बैंड-बाजा, लवाजमा, डीजे साउंड, एलईडी वॉल, ब्यूटी पार्लर, टैक्सी कारें, इवेंट फोटोग्राफर, ऑर्केस्ट्रा, कैटरिंग और हलवाइयों के पास 5 से 6 महीने पहले ही 90% तक एडवांस बुकिंग हो चुकी। भारी डिमांड के चलते बैंड और घोड़ी वालों को एक ही रात में दो से तीन शादियों की बुकिंग निपटानी पड़ी।

जैतारण में ट्रेलर ने बाइक सवार दंपती को कुचला, दोनों की मौत

ज़ूम न्यूज ▶▶| जैतारण

थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 458 आगेवा के बेरा जैतारणिया के पास सुबह 8 बजे बाइक लेकर मजदूरी पर जा रहे दंपती को ट्रेलर ने कुचल दिया। हादसे में दोनों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर शव उठाने से इनकार कर दिया। सीआई नरेश शर्मा ने बताया कि कुशालपुरा के बेरा चौहानों की ढीमड़ी निवासी 30 वर्षीय खेताराम बावरी अपनी पत्नी केलकी के साथ घर से जैतारण मजदूरी के लिए जा रहा था।

आगेवा के बेरा जैतारणिया के पास सामने से आ रहे ट्रेलर ने बाइक सवार को चपेट में लेने से मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने 7 घंटे बाद शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सुपुर्द किया। आधा किलोमीटर तक बाइक घसीट ले गया : सड़क के हादसे के बाद ट्रेलर चालक बाइक को आधा किलोमीटर तक घसीट कर ले गया। बाइक को ट्रेलर के आगे से हटाते वक्त ग्रामीणों ने चालक द्वारा दुर्घटना कारित करने की जानकारी मिलने पर ट्रेलर रुकवा दिया। जैतारण. क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 458 पर हादसे के बाद सड़क पर पत्थर रखकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। मुआवजे की मांग पर प्रदर्शन, समझाइश की हादसे की सूचना पर ग्रामीण बड़ी संख्या में जमा हो गए।

सांड सामने आने से चुनाव कर्मचारियों की बस पलटी

जैतारण SDM और तहसील कार्यालय के कर्मचारी थे सवार, मतगणना ड्यूटी पर जाते समय हादसा



ज़ूम न्यूज ▶▶| जैतारण

जैतारण के बिराटिया कलां टोल के पास शुक्रवार को मतगणना ड्यूटी पर जा रहे कर्मचारियों से भरी बस सांड को बचाने के प्रयास में सड़क पर पलट गई। बस में जैतारण SDM कार्यालय और तहसील कार्यालय के कर्मचारी सवार थे। हादसे में सभी कर्मचारी सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, कर्मचारियों की टीम ब्यावर स्थित सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय में होने वाली मतगणना की ड्यूटी के लिए बस से रवाना हुई थी। इसी दौरान बिराटिया कलां टोल के पास अचानक एक सांड बस के सामने आ गया। अचानक सामने आए सांड को बचाने के प्रयास में ड्राइवर बस पर नियंत्रण खो बैठा। इसके चलते बस सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद बस में सवार कर्मचारियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। हालांकि राहत की बात रही कि बस में सवार सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और किसी के गंभीर रूप से घायल होने या जनहानि की खबर नहीं है।

ब्रीफ न्यूज

जयपुर में रोबोटिक तकनीक से होगा नी-रिप्लेसमेंट



ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, जयपुर ने रोबोटिक-असिस्टेड नी रिप्लेसमेंट सर्जरी शुरू की है। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में मेरिल मिसो रोबोटिक सिस्टम का उद्घाटन किया। सीनियर सर्जन डॉ. मुजाहिद सलीम ने बताया कि 3डी एनाटॉमिकल मैपिंग से घुटने की बनावट का आकलन कर सर्जरी की सटीक प्लानिंग की जा सकेगी। इससे कम ब्लड लॉस और तेजी से रिकवरी में मदद मिलेगी। सिस्टम सर्जन के मार्गदर्शन में काम करता है। अपोलो हॉस्पिटल्स की ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संगीता रेड्डी ने बताया कि देश में हर साल करीब 3 लाख जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी होती हैं। अस्पताल में परामर्श, रीजनरेटिव ट्रीटमेंट, सर्जरी और रिहैबिलिटेशन की सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी।

जयपुर में पर्यटकों को परेशान करने वाले 6 लपके पकड़े

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

जयपुर में पर्यटकों को परेशान करने और पर्यटन स्थलों पर अव्यवस्था फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। कार्रवाई में 6 लपके पकड़े गए, जबकि 15 अन्य असामाजिक तत्वों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। 5 मुकदमे दर्ज किए गए। इस तरह पुलिस अब तक कुल 21 लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है। दरअसल, गुलाबी नगरी में देशी-विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर जयपुर पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है। 17 से 23 नवंबर तक चलाए जा रहे इस अभियान में पर्यटकों के साथ अभद्रता, दुर्व्यवहार और उन्हें परेशान करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

टीचर से रेप करने वाला स्कूल ड्राइवर गिरफ्तार

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

जयपुर में निजी स्कूल टीचर के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। आरोपी उसी स्कूल में बच्चों को घर से स्कूल और स्कूल से घर लाने-ले जाने का काम करता था। इसी दौरान उसकी पीड़िता से जान-पहचान हो गई। आरोप है कि आरोपी ने इसी का फायदा उठाकर उसे अपनी गाड़ी में सुनसान जगह पर ले जाकर डराया-धमकाया और दुष्कर्म किया। बता दें कि 11 नवंबर को पीड़िता थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की विशेष टीम गठित की गई। पुलिस को पता चला कि रिपोर्ट दर्ज होने की भनक लगते ही आरोपी अपने घर से फरार हो गया था। इसके बाद पुलिस ने मुखबिरों से जानकारी जुटाई और तकनीकी संसाधनों की मदद से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ और मामले में आगे की जांच कर रही है।

जयपुर जिला प्रमुख पर नया चेहरा लाएगी कांग्रेस: जिला परिषद में कांग्रेस को बीजेपी से 1.14 लाख वोट ज्यादा मिले, RLP को 14% वोट

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

जयपुर जिला परिषद और 22 पंचायत समितियों में से 14 में कांग्रेस ने बोर्ड बनाकर राजधानी के सियासी नरेटिव को मोड़ दिया है। कांग्रेस ने जयपुर जिला परिषद में बहुमत मिलने के बाद अब नए जिला प्रमुख के चेहरे पर मंथन शुरू कर दिया है। कांग्रेस में जिला प्रमुख के लिए नए और युवा चेहरे को उम्मीदवार बनाने पर विचार चल रहा है। जयपुर ग्रामीण के विधायकों और प्रमुख नेताओं से राय के बाद उम्मीदवार फाइनल होगा। जयपुर जिला परिषद और 22 पंचायत समितियों में से 14 में कांग्रेस ने बोर्ड बनाकर राजधानी के सियासी नरेटिव को मोड़ दिया है। कांग्रेस को जयपुर जिला परिषद चुनाव में भाजपा से 1.14 लाख वोट ज्यादा मिले हैं। 22 पंचायत समितियों के कुल वोटों को मिलाने पर कांग्रेस को भाजपा से 1.05 लाख वोट ज्यादा मिले हैं।

हनुमान बेनीवाल की पार्टी आरएलपी ने जयपुर में एक पंचायत समिति में बोर्ड बनाने के साथ पंचायत समिति और जिला परिषद चुनावोंमें 14 फीसदी से ज्यादा वोट



लेकर सियासी जानकारों को चौंका दिया है। जयपुर की 22 पंचायत समितियों में कांग्रेस को 42.81 प्रतिशत, बीजेपी को 34.84 और आरएलपी को 14.09 प्रतिशत वोट मिले हैं। बीजेपी को कांग्रेस से 7.97 प्रतिशत कम वोट मिले हैं, इसीसे पूरा चुनाव बदल गया। 22 पंचायत समितियों में कांग्रेस को 5.67 लाख, बीजेपी को 4.61 लाख, आरएलपी को 1.86 लाख वोट मिले हैं। इन चुनावों में दल बदल लागू नहीं होता, इसलिए सियासी तोड़फोड़ के आसार अब भी बने हुए हैं। जिन 4 पंचायत समितियों में किसी को बहमत नहीं मिला है, वहां पर जोड़तोड़ से प्रधान बनेंगे। कांग्रेस के सामने अब दलबदल रोकने की चुनौती है, क्योंकि दलबदल कानून लागू नहीं होने के कारण ऐनवक्त पर कई जगह वार्ड मेंबर्स के पाला बदलने की संभावनाएं रहती हैं। जानकारों के मुताबिक जयपुर जिला परिषद में अंतर बहुत ज्यादा है, इसलिए इतने बड़े पैमाने पर मौजूदा हालात में वार्ड मेंबर्स को तोड़ना संभव नहीं है। जयपुर जिले में इन परिणामों के बाद सियासी माहौल बदल गया है। इसका असर आगे भी होगा।

सिरोही की आठ पंचायत समितियों में से सात पर कांग्रेस: जिला परिषद की 27 में से 22 सीटें जीतीं

ज़ूम न्यूज ▶▶| सिरोही

सिरोही जिले में पंचायत आम चुनाव 2026 के परिणामों में कांग्रेस ने ग्रामीण राजनीति में एकतरफा दबदबा कायम किया है। पंचायत समिति सदस्य की 146 सीटों में से कांग्रेस ने 96 और जिला परिषद सदस्य की 27 में से 22 सीटों पर जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। इस प्रदर्शन के साथ कांग्रेस का जिले की 8 में से 7 पंचायत समितियों में बोर्ड बनना तय हो गया है। वहीं, भाजपा पंचायत समिति की 32 और जिला परिषद की महज 5 सीटें जीत सकी। भाजपा को केवल रेवदर पंचायत समिति में बोर्ड बनाने का मौका मिला है। भारत आदिवासी पार्टी (BAP) ने पंचायत समिति की 7 और निर्दलीय प्रत्याशियों ने 11 सीटों पर जीत दर्ज की। पंचायत समिति और जिला परिषद के सभी नतीजे सामने आने के बाद अब जिले में नगर परिषद की मतगणना पर सबकी नजरें टिकी हैं।

पंचायत समिति की 146 सीटों में कांग्रेस को 96 पर जीत

जिले की आठ पंचायत समितियों के सदस्यों के परिणाम जारी होने के बाद ग्रामीण क्षेत्र की राजनीतिक तस्वीर साफ हो गई है। कांग्रेस ने कुल 146 सीटों में से 96 सीटें जीतकर करीब 66 प्रतिशत सीटों पर कब्जा जमाया। दूसरी ओर भाजपा 32 सीटों पर ही सिमट गई और 25 प्रतिशत सीटें भी हासिल नहीं कर पाई। भारत आदिवासी पार्टी ने 7 सीटों पर जीत दर्ज कर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई, जबकि निर्दलीय प्रत्याशियों के खाते में 11 सीटें गई हैं। पंचायत समिति सदस्यों के इन नतीजों ने जिले में कांग्रेस की मजबूत स्थिति को साबित किया है।

जिला परिषद की 27 में से 22 सीटें कांग्रेस के खाते में

पंचायत समिति सदस्यों के साथ जिला परिषद सदस्य के परिणामों में भी कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने जिला परिषद की कुल 27 सीटों में से 22 पर जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल किया। वहीं भाजपा को केवल 5 सीटों पर संतोष करना पड़ा। जिला परिषद में कांग्रेस की इस बड़ी जीत से जिला स्तर पर भी पार्टी की स्थिति मजबूत हो गई है।

बाड़मेर: कांग्रेस को 5, RLP 4 पंचायत समिति में स्पष्ट बहुमत



ज़ूम न्यूज ▶▶| बाड़मेर

बाड़मेर जिले के 17 पंचायत समितियों का रिजल्ट जारी हो गए है। इसमें 6 पंचायत समिति में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला है। कांग्रेस को 5 और आरएलपी को चार पंचायत समिति में स्पष्ट बहुमत मिला है। वहीं बीजेपी को दो पंचायत समिति में बहुमत मिला है। बाड़मेर जिले की आडेल, बाड़मेर, बिशाला, चौहटन, लीलसर, शिव में कोई भी पार्टी स्पष्ट बहुमत नहीं ला सकी है। बीजेपी-कांग्रेस को आरएलपी या निर्दलीय जीते सदस्यों को साथ में लेकर प्रधान बनाना पड़ेगा।

जिले की बाड़मेर ग्रामीण, बाटाडू, डूंगरों का तला, मांगता को स्पष्ट बहुमत मिला है। अब जिले में आरएलपी चार प्रधान बनाने की तैयारी है। वहीं छः पंचायत समिति में आरएलपी या अन्य पंचायत समिति सदस्य के बाद प्रधान नहीं बना पाएंगे। जिले की सेड़वा, रामसर, गडरारोड, भियाड़, धनाऊ पंचायत समिति में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिला है। वहीं बायतु और फागलिया पंचायत समिति में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी जीतकर बहुमत हासिल किया।

जालोर: 14 पंस की 158 सीटों पर कांग्रेस का कब्जा

पंचायती राज आम चुनाव 2026 के तहत जालोर जिले में ग्रामीण सरकार की तस्वीर साफ होने लगी है। जिले की सभी 14 पंचायत समितियों के 262 वार्डों के नतीजे सामने आ चुके हैं, जिसमें कांग्रेस ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए 158 सीटों पर शानदार जीत दर्ज की है, जबकि भाजपा 97 सीटों पर सिमट गई है और 7 सीटों पर निर्दलीय और RLP का कब्जा रहा।

पाली जिला परिषद: 33 वार्डों में BJP 19, कांग्रेस 14 में जीती: वार्ड 6 में सबसे छोटी जीत, वार्ड 15 में सबसे बड़ी

ज़ूम न्यूज ▶▶| पाली

पाली पंचायती राज चुनाव के तहत शुक्रवार को पाली के बांगड़ कॉलेज में 33 जिला परिषद सदस्य और 179 पंचायत समिति सदस्यों के वोटों की काउंटिंग हुई। जिला परिषद के 33 वार्डों में भाजपा के 19 और कांग्रेस के 14 प्रत्याशी जीते हैं। ऐसे में भाजपा लीड में है और जिला प्रमुख भाजपा का बनना फिलहाल तय माना जा रहा है। वही पंचायत समितियों की बात करें तो जिले की 9 पंचायत समितियों से 6 में भाजपा और 3 में कांग्रेस लीड में हैं। भाजपा के 82, कांग्रेस के 90 प्रत्याशी और 7 निर्दलीय प्रत्याशी जीते हैं।

भाजपा ने बगड़ी नगर, रानी, देसूरी, मारवाड़ जंक्शन में और कांग्रेस ने पाली, सुमेरपुर, और सोजत में एक तरफा जीत दर्ज की। बाली और रोहट में कांग्रेस-भाजपा में कड़ी टक्कर देखने को मिली। दोनों ही पंचायत समितियों में भाजपा एक-एक सीट से लीड में रही। बगड़ी नगर, जिला परिषद के वार्ड 6 से भाजपा प्रत्याशी मंजू ने कांग्रेस प्रत्याशी शोभा को 50 वोट के अंतर से हराया। जो जीत-हार के अंतर से सबसे छोटी अंतर की जीत है। वही वार्ड संख्या 15 से कांग्रेस प्रत्याशी यशपालसिंह राजपुरोहित ने भाजपा के हरिसिंह को 4852 वोट के भारी अंतर से हराकर वोटों के अंतर से सबसे बड़ी जीत दर्ज की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिशुपाल सिंह ने काउंटिंग में गड़बड़ी करने का गंभीर आरोप लगाया।

1800-लीटर से कम दूध तो डेयरी चुनावों में वोटिंग-राइट खत्म: डेयरी संघों में नए मेंबर भी दे सकेंगे वोट

ज़ूम न्यूज ▶▶| जयपुर

राजस्थान की डेयरी सहकारी समितियों के चुनाव, वोटिंग राइट से लेकर कई तरह के बदलाव सरकार करने जा रही है। डेयरी संघों के चुनावों में अब दुग्ध उत्पादक किसानों और समितियों के वोटिंग राइट, मेंबरशिप को लेकर कई बड़े बदलाव करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके तहत डेयरी सहकारी संघ को सालाना 1800 लीटर और 180 दिन से कम दूध देने वालों के वोटिंग राइट खत्म कर दिए जाएंगे। सहकारिता विभाग ने राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम 2001 की धारा-11 के तहत जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघों के बायलॉज में संशोधन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दूध की लिमिट तय करने के प्रावधान से बड़ी संख्या में दूध उत्पादक किसानों के वोटिंग राइट छिन सकते हैं। राजस्थान में अगले साल सहकारी डेयरी संस्थाओं के चुनाव करवाए जा सकते हैं। इससे पहले इन बदलावों से डेयरी संघों की राजनीति बदलना तय माना जा रहा है। प्रदेश में 18 हजार से ज्यादा डेयरी सहकारी समितियां हैं।

रजिस्ट्रार छूट नहीं दे सकेगा

प्रस्तावित संशोधन के अनुसार ऐसी समिति जो कम से कम 180 दिन तक और कम से कम 1800 लीटर दूध एक साल में नहीं दे पाई हो, उसे संचालक मंडल के चुनाव के लिए बुलाई गई आमसभा में वोट देने का अधिकार नहीं होगा। मौजूदा प्रावधानों के अनुसार हर साधारण सदस्य को वोट देने का अधिकार है। लेकिन तय सीमा में दूध नहीं देने की दोषी समितियों को संचालक मंडल के चुनाव में वोट देने का अधिकार नहीं है। लेकिन प्राकृतिक आपदाओं या ऐसे कारणों से समिति का दोष नहीं हो तो रजिस्ट्रार इसमें छूट दे सकता है। अब यह छूट नहीं मिलेगी। अभी डेयरी संघ को दूध सप्लाई के दिनों की संख्या और माप तय करने के लिए सहकारिता रजिस्ट्रार के सर्कुलर और आदेश से फैसला होता था। अब इस प्रावधान को बदला जा रहा है। अब दूध उत्पादक किसान जिस समिति से जुड़ा है, उस समिति का पिछले वित्त वर्ष में 180 दिन तक कम से कम 1800 लीटर दूध जिला दुग्ध संघ को दूध सप्लाई करने की शर्त जोड़ी जा रही है। ऐसा नहीं कर पाने वाले वोट नहीं दे सकेंगे। प्राथमिक दूध उत्पादक सहकारी समितियों को पिछले साल की ऑडिट पूरी होने के बाद ही चुनाव में भाग लेने की मंजूरी दी जाएगी। बिना ऑडिट चुनाव में भाग नहीं ले सकेंगी। अभी सहकारी रजिस्ट्रार के सर्कुलर और नियमों के हिसाब से पात्रता तय होती है। इस प्रावधान को बदला जा रहा है।

एक साल पुरानी मेंबरशिप का प्रावधान हटेगा

अभी संचालक मंडल के चुनाव में वही वोट कर सकता है, जो चुनाव के दिन कम से कम एक साल से संघ का साधारण सदस्य है। अब नए प्रावधानों में इस नियम को खत्म किया जा रहा है। अब नए मेंबर बनने वालों को भी वोट देने की मंजूरी मिलेगी। नियम 20.1-3 को खत्म किया जा रहा है। अभी नियम 19.1 में संचालक मंडल के सदस्यों का चुनाव होने के बाद संचालक मंडल अपनी पहली मीटिंग में अपने में से एक अध्यक्ष का चुनाव करते हैं, जिसका कार्यकाल संचालक मंडल के बराबर रहता है। अध्यक्ष का पद खाली होने पर बचे हुए वक्त के लिए नए पद पर नियुक्ति का प्रावधान है। अभी संचालक मंडल में कोई उपाध्यक्ष का पद नहीं है। अब संचालक मंडल के सदस्यों का चुनाव होने के बाद पहली बैठक में अध्यक्ष के साथ एक उपाध्यक्ष का चुनाव भी करना होगा। उपाध्यक्ष का कार्यकाल संचालक मंडल के बराबर रहेगा।

नियमों में बदलाव: अध्यक्ष की गैर-हाजिरी में उपाध्यक्ष करेगा संचालक मंडल की अध्यक्षता

मौजूदा प्रावधानों में अभी अध्यक्ष ही संचालक मंडल की बैठकों की अध्यक्षता करता है। अध्यक्ष की गैर-हाजिरी पर संचालक मंडल केवल उस बैठक के लिए एक मेंबर को अध्यक्ष चुनते हैं। अब नियमों में बदलाव कर अध्यक्ष की गैर-मौजूदगी में उपाध्यक्ष संचालक मंडल की बैठकों की अध्यक्षता करने का प्रावधान किया जा रहा है। अगर अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, दोनों गैर-हाजिर रहते हैं तो संचालक मंडल में से एक मेंबर को उस दिन बैठक की अध्यक्षता के लिए चुना जाएगा।

नए प्रावधानों से बदलेगी डेयरी संघों की राजनीति

सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देकर सहकारिता विभाग डेयरी सहकारी संस्थाओं के चुनावों को लेकर नियमों में बदलाव करने जा रहा है। इन प्रावधानों में बदलाव के बाद डेयरी संघों की राजनीति में बड़े बदलाव आ सकते हैं। कई डेयरी संघों से जुड़े नेताओं और समर्थकों के वोटिंग राइट छिन सकते हैं। बिना दूध सप्लाई डेयरी की राजनीति से जुड़े नेताओं के चुनाव लड़ने पर संकट आ सकता है।

वीजा, मास्टरकार्ड और जेपी मॉर्गन के वेंडर्स का डेटा लीक, भुगतान नेटवर्क पर असर नहीं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

जेपी मॉर्गन, चेस, वीजा और मास्टरकार्ड ने अपने बाहरी सेवा प्रदाताओं (वेंडर्स) से जुड़े साइबर सुरक्षा उल्लंघनों की जानकारी दी है। इन घटनाओं में कुछ ग्राहकों की जानकारी लीक हुई है या उस तक अनधिकृत पहुंच बनाए जाने की आशंका है। हालांकि, कंपनियों ने कहा है कि उनकी सेवाओं और भुगतान नेटवर्क पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है। ये खुलासे मार्केटिंग से जुड़ी जानकारी और एक कार्डधारक लाभ कार्यक्रम से संबंधित हैं। एक रैनसमवेयर समूह ने हजारों ग्राहकों से संबंधित जानकारी लीक की है।

जेपी मॉर्गन, चेस, वीजा और मास्टरकार्ड ने अपने बाहरी सेवा प्रदाताओं (वेंडर्स) से जुड़े साइबर सुरक्षा उल्लंघनों की जानकारी दी है। इन घटनाओं में कुछ ग्राहकों की जानकारी लीक हुई है या उस तक अनधिकृत पहुंच बनाए जाने की आशंका है

जानकारी सुरक्षितः वीजा

वीजा ने अपने ग्राहकों से संबंधित दावों को एशिया-प्रशांत क्षेत्र में एक सेवा प्रदाता से जुड़ी घटना से संबंधित बताया। कंपनी ने द रजिस्टर को बताया कि उसके अपने सिस्टम न तो इस घटना में शामिल थे और न ही प्रभावित हुए हैं। कार्ड नंबर जैसी भुगतान संबंधी जानकारी भी सुरक्षित रही है।

अमेरिका में बैंकिंग सिस्टम पर साइबर हमला

एनजीरोएन नाम के रैंसमवेयर समूह ने करीब 16 हजार अमीर ग्राहकों का डेटा लीक करने की जिम्मेदारी ली है



थर्ड पार्टी कंपनियों पर साइबर हमला किया गया

जेपी मॉर्गन चेस ने गुरुवार को बताया कि उसके साथ काम करने वाली थर्ड पार्टी सेवा प्रदाता कंपनियों पर साइबर हमला हुआ है। शुरुआती जांच में पता चला कि हमलावरों ने इन कंपनियों के पास मौजूद कुछ मार्केटिंग डेटा तक पहुंच बनाई। इसमें ग्राहकों के नाम और ईमेल पते शामिल हो सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एनजीरोएन नाम के रैंसमवेयर समूह ने करीब 16 हजार अमीर ग्राहकों का डेटा लीक करने की जिम्मेदारी ली है।

कामकाज पर असर नहीं

जेपी मॉर्गन ने कहा कि उसके मुख्य बैंकिंग कामकाज पर इस हमले का कोई असर नहीं पड़ा है। प्रभावित ग्राहकों से सीधे संपर्क किया जाएगा और उन्हें मुफ्त क्रेडिट मॉनिटरिंग समेत जरूरी सहायता दी जाएगी।

प्रभावितों की मदद कर रहे: मास्टरकार्ड

मास्टरकार्ड ने कहा कि यह घटना एक विशेष लाभ कार्यक्रम से जुड़े कार्डधारकों के एक छोटे समूह से संबंधित है। कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेठ आइजन ने कहा कि डेटा के उजागर होने की घटना को नियंत्रित कर लिया गया है और कंपनी प्रभावित ग्राहकों की सहायता के लिए सेवा प्रदाता के साथ काम कर रही है।

लोग घबराएं नहीं: राष्ट्रपति ट्रंप



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लोगों से घबराने की जरूरत नहीं बताई है। ट्रंप ने कहा कि लोगों को शांत रहना चाहिए, सब कुछ ठीक है। उन्होंने इन घटनाओं को अलग-अलग तकनीकी समस्याएं बताया और कहा कि मीडिया इन्हें जरूरत से ज्यादा चर्चा में ला रहा है। ट्रंप ने जेपी मॉर्गन चेस और अन्य संस्थानों की सेवाओं में आई रुकावट को सामान्य घटनाओं की तरह पेश किया।

अमेरिकी साइबर चीफ का इस्तीफा कर्स्टन डेविस लेंगी केर्नक्रॉस की जगह

अमेरिका के राष्ट्रीय साइबर निदेशक सीन केर्नक्रॉस अपने से इस्तीफा दे दिया है। व्हाइट हाउस ने गुरुवार को कर्स्टन ए. डेविस को ऑफिस ऑफ द नेशनल साइबर डायरेक्टर (ओएनसीडी) का कार्यवाहक प्रमुख नियुक्त किया। वह सीन केर्नक्रॉस की जगह लेंगी। नेशनल साइबर डायरेक्टर के स्थायी पद के लिए अमेरिकी सीनेट की मंजूरी जरूरी है।



कर्स्टन डेविस

खबर संक्षेप

डीआरआई ने 71 किलो हेरोइन की खेप जब्त की

चेन्नई। राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने समुद्री तटीय मार्ग से श्रीलंका में तस्करी के लिए ले जाई जा रही 71 किलो से अधिक हेरोइन की खेप जब्त की है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि चेन्नई में 17 और 18 नवंबर को चलाए गए अभियान के दौरान यह जब्ती की गई है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।



तट पर फंसा जहाज, 19 सदस्यों को बचाया

पेरिस। दक्षिण-पश्चिमी फ्रांस के लैंडेस क्षेत्र के तट पर माल्टा के झंडे वाला एक मालवाहक जहाज फंस गया। इसके बाद राहत और बचाव अभियान चलाकर हेलीकॉप्टर की मदद से जहाज पर मौजूद 19 क्रू सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हालांकि, जहाज को संभालने में मदद के लिए तीन क्रू सदस्य अब भी उस पर मौजूद हैं।



यूएस कोर्ट ने गुप्ता को 20 साल की सजा सुनाई

वॉशिंगटन। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश मामले में अमेरिका की अदालत ने शुक्रवार को भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को करीब 20 साल जेल की सजा सुनाई है। गुप्ता पर अमेरिकी धरती पर आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के लिए सुपारी देने की साजिश में शामिल होने का आरोप साबित हुआ था।



प्रो. मांडे यूएन विशेषज्ञों के समूह में नियुक्त

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के अध्यक्ष प्रोफेसर शेखर सी. मांडे को संयुक्त राष्ट्र के दस उच्चस्तरीय प्रतिनिधियों के समूह में 2026-2028 की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है। इसका उद्देश्य सतत विकास लक्ष्यों के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार को बढ़ावा देना है।



बांग्लादेश के पीएम तारिक रहमान के बयान पर भारत ने दी प्रतिक्रिया

ढाका के अंदरूनी मामलों पर टिप्पणी नहीं करना चाहते, हम अच्छे संबंध चाहते

होर्मुज स्ट्रेट में जल्द शांति बहाल हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में हिंसा की घटनाओं के बाद वहां के पीएम तारिक रहमान के बयान पर भारत की तरफ से प्रतिक्रिया दी गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि भारत का रुख पहले जैसा ही है। भारत बांग्लादेश के साथ एक सकारात्मक, रचनात्मक और भविष्य को देखने वाला संबंध चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ऐसा संबंध, जिसकी जड़ें दोनों देशों के साझा इतिहास और वहां के लोगों के समान सांस्कृतिक मूल्यों में हों। तारिक रहमान के बयान पर उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के आंतरिक मामलों पर वह कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते। भारत की सीमा से सटे उत्तर-पश्चिमी जिले लालमोनिरहाट में गुरुवार को जनसभा को संबोधित करते हुए बांग्लादेश के पीएम तारिक रहमान ने भारत का नाम लिए बिना कहा था कि एक ग्रुप बांग्लादेश के खिलाफ साजिश रच रहा है। उन्होंने उन्होंने आरोप लगाया कि अवामी लीग की सरकार ने न केवल देश और जनता के हितों की अनदेखी की, बल्कि सीमा पार अपने 'आकाओं' के हितों की भी सेवा की। देश से भागने के बाद भी उन्होंने एक बार फिर आगजनी और लोगों की हत्या की राजनीति शुरू कर दी है। वे पीछे से लोगों पर हमला कर रहे हैं और उनकी हत्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब बहुत हो चुका। हमें इन आतंकवादियों, आगजनी करने वालों और हत्यारों को स्पष्ट जवाब देना होगा। बता दें, बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की पार्टी की ओर से गुरुवार को आयोजित देशव्यापी बंद के दौरान कई इलाकों में हिंसा की घटनाएं हुईं।

> विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत बांग्लादेश के साथ एक सकारात्मक, रचनात्मक और भविष्य को देखने वाला संबंध चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ऐसा संबंध, जिसकी जड़ें दोनों देशों के साझा इतिहास और वहां के लोगों के समान सांस्कृतिक मूल्यों में हों

जहाजों की आवाजाही की स्वतंत्रता हो

बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाएं



रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

जहाजों पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की

होर्मुज स्ट्रेट में हाल में हुए हमलों को लेकर भारत ने अपनी चिंता दोहराई है। भारत सरकार ने कहा कि वह वाणिज्यिक जहाजों पर हुए हमलों की कड़ी निंदा करती है। जयसवाल ने कहा कि इन हमलों में भारतीय नाविकों की जान गई है और कुछ घायल भी हुए हैं। कुछ हमले भारतीय झंडे वाले जहाजों पर भी हुए हैं। भारत ने इन घटनाओं की निंदा करते हुए क्षेत्र में जल्द शांति बहाल करने के लिए बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाने की अपील की है। मंत्रालय ने बताया कि भारत का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर जहाजों की आवाजाही की स्वतंत्रता बहाल की जानी चाहिए।

कानून मंत्रालय के मार्फत भेजा जाता समन

खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के अमेरिका की एक संघीय अदालत में दायर किए गए मुकदमे को लेकर अदालत द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल व अन्य लोगों के खिलाफ शुरू की गई समन की तालीम कराने की प्रक्रिया से जुड़े हरिभूमि के एक अन्य प्रश्न के जवाब में रणधीर ने दो टूक अंदाज में कहा कि भारत ऐसे सभी बेबुनियाद मुकदमों को सिरे से खारिज करता है। वहीं, यहां बता दें कि उक्त मामले में ही अमेरिका की अदालत की तरफ से भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता के खिलाफ अब कभी भी सजा का ऐलान किया जा सकता है।

नेपाल के पीएम 22-23 नवंबर को भारत आएंगे



पीएम बालेंद्र शाह

दोनों देशों के बीच बेहद करीबी संबंध

जयसवाल ने बताया कि नेपाल के पीएम बालेंद्र शाह 22-23 नवंबर को भारत आएंगे। पीएम बनने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी, जिसमें वे राष्ट्रपति और पीएम से मुलाकात करेंगे। इसे राजकीय यात्रा का दर्जा दिया गया है। इस दौरान उन्हें सभी राजकीय सम्मान दिए जाएंगे। जयसवाल ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच लंबे समय से बेहद करीबी, दोस्ताना और बहुआयामी संबंध रहे हैं। दोनों देशों के बीच बातचीत मुख्य रूप से व्यापार, परिवहन, निवेश, ऊर्जा, कनेक्टिविटी नेटवर्क, स्टार्टअप, तकनीक, नवाचार, क्रिकेट और बुनियादी ढांचे के विकास में आर्थिक सहयोग को मजबूत करने पर केंद्रित होगी। दोनों पक्ष शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, खेल, आपदा प्रबंधन और मानव संसाधन विकास के क्षेत्रों में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान भी करेंगे।

पाकिस्तान फिर बेनकाब

भारत दौरे पर आए मंत्री मलिक का स्वागत न करने का दावा झूठा



मुसादिक मसूद मलिक और साद वारैच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तानी थिंक टैंक के एक विश्लेषक ने दावा किया था कि नई दिल्ली पहुंचने पर पाकिस्तान के मंत्री मुसादिक मसूद मलिक का स्वागत करने के लिए कोई भी भारतीय अधिकारी मौजूद नहीं था।

खुर्रम अब्बास ने 'एक्स' पर आरोप लगाया कि एससीओ बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे पाकिस्तान के जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण समन्वय मंत्री मुसादिक मलिक के स्वागत के लिए भारत ने किसी अधिकारी को नहीं भेजा, जो कि शिष्टाचार के खिलाफ है। उनका स्वागत भारत में पाकिस्तान उच्चायोग के सीडीए (चार्ज डी अफेयर्स) साद वारैच ने किया। बता दें, 2023 और मई 2025 के टकराव के बाद से भारत आने वाले वे पहले पाकिस्तानी मंत्री हैं।

प्रोटोकॉल के तहत किया स्वागतः भारत

वहीं, विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि स्वागत प्रोटोकॉल के तहत मलिक की अगवानी के लिए केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के एक निदेशक और विदेश मंत्रालय के पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान (पीएआई) प्रभाग के एक अवर सचिव (अंडर सेक्रेटरी) हवाई अड्डे पर मौजूद थे। सूत्रों ने यह भी स्पष्ट किया कि नई दिल्ली आने वाले सभी एससीओ सदस्य देशों को इसी तरह का प्रोटोकॉल दिया जा रहा है। वहीं, नई दिल्ली आए मुसादिक मलिक ने कहा कि हमें संस्कृति और सभ्यताओं पर बात करनी चाहिए। यह भी समझना चाहिए कि इन सभ्यताओं ने हम सभी को किस तरह प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि यह बहुत स्वागत योग्य कदम है। मैं एससीओ का बहुत आभारी हूं कि वह ऐसे मंच आयोजित कर रहा है। ये मंच क्षेत्र के सभी देशों को एक साथ आने का मौका देते हैं। यहां ऐसे विचारों पर बात हो सकती है, जो सीमाओं से आगे जाते हैं। मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छी और स्वागत योग्य पहल है।

निजामुद्दीन दरगाह जाने की नहीं दी अनुमति

पाकिस्तान के मंत्री मुसादिक मलिक ने ताजमहल और निजामुद्दीन दरगाह जाने की अनुमति मांगी थी, लेकिन भारत सरकार ने उनकी मांग खारिज कर दी। वहीं, मलिक ने कहा कि मौजूदा समय में वैश्विक राजनीति तेजी से बदल रही है। ऐसे में सबसे आसान रास्ता उन मुद्दों पर बात करना है, जो सभी को प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि हम बड़े नजरिये से चीजों को देखेंगे। इस नजरिये में हम सभी राजनीतिक मुद्दों पर बात करेंगे। सभी सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। बातचीत से जुड़े हर मुद्दे को देखेंगे। साथ ही पूरे क्षेत्र के एजेंडे को आगे बढ़ाएंगे।

भारत-फ्रांस के बीच जेडब्ल्यूजी बैठक

आतंकवाद के खिलाफ आपसी सहयोग बढ़ाने पर हुए 'सहमत'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और फ्रांस ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की स्पष्ट रूप से निंदा करते हुए इसके खिलाफ द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जताई है। दोनों देशों के बीच आतंकवाद निरोधक संयुक्त कार्य समूह (जेडल्ब्यूजी) की 18वीं बैठक शुक्रवार को आयोजित हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्रालय में आतंकवाद निरोधक मामलों के अतिरिक्त सचिव डॉ. सुहेल एजाज खान और फ्रांस के



आतंकवाद निरोधक एवं संगठित अपराध मामलों के विशेष दूत तथा एंबेसडर एट लार्ज ओलिवियर कैरन ने की। दोनों पक्षों ने सीमा पार आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद सहित आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा की। उन्होंने पहलगाम और दिल्ली में हुए आतंकी हमलों की कड़ी निंदा की।

भारत-पुर्तगाल के बीच 5 वर्षीय रोडमैप

व्यापार, निवेश, रक्षा सहित कृषि क्षेत्र में बढ़ाएंगे द्विपक्षीय सहयोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पुर्तगाल ने आपसी संबंधों के लिए व्यापक पांच वर्षीय रोडमैप (2027-2032) को अंतिम रूप देने की साझा प्रतिबद्धता जताई। यह रोडमैप अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय सहयोग की दिशा तय करने पर काम करेगा। दोनों देशों ने व्यापार एवं निवेश, रक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़े स्थापित संस्थागत तंत्रों की नियमित बैठकों का भी स्वागत किया। साथ ही सभी क्षेत्रों में सहयोग और संपर्क



को और गहरा करने पर सहमति जताई। भारत और पुर्तगाल के बीच विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) की छठी बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज और पुर्तगाल के विदेश मंत्रालय में विदेश नीति महानिदेशक हेलेना मालकाटा ने की।

थल सेनाध्यक्ष ने चेक आर्मी ब्रिगेड का दौरा किया



नई दिल्ली। थल सेनाध्यक्ष (सीओएस) जनरल धीरज सेठ ने शुक्रवार को चेक थल सेना की चौथी 'रैपिड डिप्लॉयमेंट ब्रिगेड' का दौरा किया। इस दौरान उन्हें ब्रिगेड की संरचना, कार्यक्षेत्र और क्षमताओं की विस्तृत जानकारी दी गई। भारतीय थल सेना ने 'एक्स' पर पोस्ट कर बताया कि इस दौरे से चेक सेना के जवानों के साथ बातचीत करने और उनकी तैयारियों, क्षमताओं तथा कार्यप्रणालियों को समझने का मौका मिला। इससे दोनों देशों के बीच पेशेवर सैन्य संबंधों और रक्षा सहयोग को और मजबूती मिलेगी। जनरल सेठ चेक गणराज्य की आधिकारिक यात्रा पर हैं।

आईआईटी दिल्ली के अबू धाबी कैंपस से स्नातक हुआ पहला बैच

भारत-यूएई ने एआई और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर द्विपक्षीय चर्चा की

एजेंसी ▶▶ दुबई

शिक्षा तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आईआईटी दिल्ली के अबू धाबी परिसर के पहले बैच के विद्यार्थियों के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। दुबई में जोशी ने यूएई के एआई, डिजिटल अर्थव्यवस्था और रिमोट वर्क एप्लीकेशंस मामलों के राज्य मंत्री उमर सुल्तान अल ओलमा के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। वार्ता में एआई आधारित शिक्षा, शिक्षा के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित की शिक्षा, शिक्षकों की क्षमता बढ़ाने तथा कक्षाओं में उभरती प्रौद्योगिकियों के जिम्मेदार उपयोग जैसे विषय शामिल रहे।



अबू धाबी कैंपस में छात्रों को डिग्रियां वितरित करते हुए

संयुक्त अनुसंधान पर विचार-विमर्श

दोनों मंत्रियों ने संयुक्त एआई अनुसंधान को बढ़ावा देने में आईआईटी दिल्ली के अबू धाबी परिसर की संभावनाओं पर भी चर्चा की। इसके अंतर्गत मोहम्मद बिन जायद यूनिवर्सिटी ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ सहयोग और अकादमिक तथा अनुसंधान सहयोग संवर्धन योजना के अंतर्गत एआई, जलवायु अनुकूलन क्षमता, नवीकरणीय ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान पर विचार-विमर्श हुआ

युद्धपोतों के रखरखाव में भारत स्थापित कर रहा वैश्विक पहचान

अमेरिकी नौसेना के पांचवें जहाज की कट्टुपल्ली में होगी मरम्मत

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

अमेरिकी नौसेना का आपूर्ति पोत यूएसएनएस वैली शिर्श शुक्रवार को चेन्नई के पास एलएंडटी के कट्टुपल्ली शिपयार्ड पहुंचा। यहां भारत-अमेरिका मास्टर शिप रिपेयर एग्रीमेंट (एमएसआरए) के तहत जहाज की मरम्मत की जाएगी। यह अमेरिकी नौसेना के मिलिट्री सीलिफ्ट कमांड (एमएससी) का हिस्सा है, जो दुनिया भर में अमेरिकी सैन्य और सरकारी एजेंसियों को समुद्री परिवहन, रसद और विशेष समुद्री सहायता उपलब्ध कराता है। कट्टुपल्ली शिपयार्ड में किसी अमेरिकी नौसैनिक जहाज की मरम्मत का यह पांचवां अवसर है। इसे भारत के जहाज मरम्मत ढांचे और तकनीकी क्षमताओं पर अमेरिका के बढ़ते भरोसे के रूप में देखा जा रहा है।

अच्छी खबर

अमेरिकी नौसेना के साथ मास्टर शिप रिपेयर एग्रीमेंट किया



कट्टुपल्ली शिपयार्ड पर अमेरिकी नौसेना युद्धपोत वैली शिर्श

2022 में शुरू हुआ था सहयोग

भारत और अमेरिका के बीच जहाज मरम्मत में सहयोग अगस्त 2022 में शुरू हुआ था। चार्ल्स ड्रू भारतीय शिपयार्ड में मरम्मत कराने वाला अमेरिकी नौसेना का पहला जहाज बना था। इसके बाद मार्च 2023 में मैथ्यू पैरी और जुलाई 2023 में सेलवर की मरम्मत की गई। इनके बाद अप्रैल 2023 में एलएंडटी ने अमेरिकी नौसेना के साथ मास्टर शिप रिपेयर एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए।

चालक दल की सुगमता के लिए संशोधित एसओपी

यूएसएनएस वैली शिर्श संशोधित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू होने के बाद मरम्मत के लिए भारत पहुंचने वाला पहला अमेरिकी नौसैनिक जहाज है। यह एसओपी जहाज के चालक दल के सदस्यों के भारत में प्रवेश और प्रस्थान की प्रक्रिया को सुगम बनाती है। इसे विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय, आव्रजन ब्यूरो, रक्षा मंत्रालय और रक्षा उत्पादन विभाग के समन्वित प्रयासों से अंतिम रूप दिया।

समुद्री सहयोग को मिली मजबूती

अमेरिकी नौसेना के इन पांच जहाजों की मरम्मत से अंतरराष्ट्रीय जहाज मरम्मत परिचालन को बढ़ावा देने और समुद्री औद्योगिक सहयोग मजबूत करने के भारत के प्रयासों को बल मिलने की उम्मीद है।



अल पचीनो की फिल्म प्रोड्यूस करेंगे भारतीय फिल्ममेकर

नई दिल्ली। मशहूर भारतीय फिल्म मेकर विनोद भानुशाली की कंपनी भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड अब इंटरनेशनल फिल्मों की दुनिया में कदम रखने जा रही है। कंपनी अपनी पहली विदेशी फिल्म कैप्टिवेटेड लेकर आ रही है। इस फिल्म में हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता अल पचीनो (द गॉडफादर, स्कारफेस), इस्ला फिशर (वेडिंग क्रैशर्स, नाउ यू सी मी) और ब्लेक रिटसन (द गिल्डेड एज) नजर आएंगे। अल पचीनो अकादमी पुरस्कार जीत चुके हैं। फिल्म का निर्देशन डिटो मॉन्टियल ने किया है, जो अ गाइड टू रिकग्नाइजिंग योर सेंट्स और फाइटिंग जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं।

लाइफ Style

समीरा

एकतरफा नजरिया नहीं हो सकता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समीरा रेड्डी ने न्यू मॉम्स के लिए काम के घंटों को लेकर चल रही बहस पर भी अपनी राय सामने रखी। उन्होंने कहा, 'जब मैंने संजय की फिल्म के लिए शूट किया, मैंने लगातार शूट किया और लंबे घंटों या एक्स्ट्रा शिफ्ट से भी मुझे दिक्कत नहीं हुई, क्योंकि मैं अपने प्रोड्यूसर के लिए काम को अच्छे से पूरा करना चाहती थी। खासकर इसलिए, क्योंकि मैं मुंबई में नहीं रहती। जब भी जरूरत पड़ी मैंने एक्स्ट्रा शिफ्ट भी की है।'

समीरा ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, 'नई मां के ऊपर काफी प्रेशर होता है, उन्हें ब्रेस्टफीडिंग कराना होता है, हार्मोनल बदलाव के साथ काम करना आसान नहीं होता है। अगर प्रोड्यूसर एक्टर के साथ एडजस्ट कर ले...ये दोनों तरफ से समझने वाली बात है। अगर प्रोड्यूसर के नजरिए से देखें तो सेट पर हर रोज भारी खर्चा होता है और काम में देरी होने से भारी नुकसान हो सकता है।' समीरा ने कहा कि दोनों तरफ की स्थिति को समझना चाहिए। एक्ट्रेस ने कहा कि वो दीपिका के विचार पर सीधे तौर पर कमेंट नहीं कर सकती हैं, लेकिन वो समझती हैं कि दीपिका एक शानदार एक्टर हैं और अगर उन्हें किसी चीज की जरूरत है तो है, लेकिन इस मामले में आप एकतरफा नजरिया नहीं रख सकते हैं। समीरा रेड्डी से फिर पूछा गया कि उन्होंने साउथ और बॉलीवुड, दोनों इंडस्ट्री में काम किया है। उनका अनुभव कैसा रहा है? इस बारे में बात करते हुए समीरा ने कहा, 'सच कहूं तो, साउथ इंडियन सिनेमा में मेरा अनुभव शानदार रहा। मैंने चिरंजीवी, जूनियर एनटीआर और मोहनलाल जैसे टॉप स्टार्स के साथ काम किया, और मेरा अनुभव शानदार रहा। हर किसी की जर्नी अलग होती है, लेकिन मेरे लिए, साउथ की फिल्मों का अनुभव बॉलीवुड के अनुभव से कहीं बेहतर था।



हॉलीवुड मसाला



रॉबर्ट ने वसूली मोटी रकम

नई दिल्ली। 26वीं जेम्स बॉन्ड फिल्म आ रही है और इस बार नए 007 एजेंट के तौर पर मशहूर हॉलीवुड एक्टर रॉबर्ट पैटिंसन नजर आएंगे। वह सातवें जेम्स बॉन्ड हैं जो इस पॉपुलर जासूसी फ्रेंचाइजी का हिस्सा बने हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक्टर को सिर्फ ऑडिशन देने के लिए ही 1 मिलियन डॉलर (लगभग 8.8 करोड़ रुपए) की फीस दी गई है। कहा जा रहा है कि उन्होंने तीन फिल्मों की डील साइन की है, जिसके लिए उन्हें इतनी मोटी रकम मिल रही है।



'बॉन्ड गर्ल' की सूची में अमांडा शामिल नहीं

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड अभिनेता रॉबर्ट पैटिनसन अब पर्दे पर जेम्स बॉन्ड की भूमिका अदा करेंगे। बीते दिनों उनके नाम का आधिकारिक एलान किया गया। तमाम लोगों ने इस फैसले का स्वागत किया। जेम्स बॉन्ड के लिए एक्टर का नाम फाइनल होने के बाद से ही बॉन्ड गर्ल को लेकर अटकले लग रही हैं। इसे लेकर वैराइटी ने एक लिस्ट जारी की, जिसमें उन एक्ट्रेस के नाम शामिल हैं, जिन्हें बॉन्ड गर्ल बनाया जा सकता है। इसमें अमांडा सेफ्राइड का नाम नहीं है। इस पर अभिनेत्री ने चुटकी ली है। उन्होंने इस पर कमेंट कर पूछा, 'क्या मैं ज्यादा बूढ़ी हो गई हूं?' उनकी इस टिप्पणी ने नेटिजंस का ध्यान खींचा है और अब उम्र को लेकर एक बहस शुरू हो गई है। बता दें कि जेम्स बॉन्ड की भूमिका निभाने के लिए चुने गए रॉबर्ट पैटिनसन की उम्र 40 वर्ष है। अमांडा सेफ्राइड भी 40 वर्ष की हैं।



वज्र में विलेन की भूमिका निभाएंगे मोहित

मुंबई। फिल्म 'वज्र' से जुड़ी एक नई जानकारी सामने आई है। टाइगर की आने वाली इस फिल्म में 'मिर्जापुर द मूवी' के एक्टर की एंट्री हो गई है, जो विलेन के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म 'मिर्जापुर द मूवी' में बिरजू लोहार का किरदार निभाने वाले अभिनेता मोहित मलिक भी टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'वज्र' का हिस्सा बन गए हैं। खास बात यह है कि वह फिल्म में टाइगर श्रॉफ के खिलाफ विलेन की भूमिका निभाते नजर आएंगे। मोहित मलिक और टाइगर श्रॉफ पहली बार किसी फिल्म में साथ काम करने जा रहे हैं। फिल्म में मोहित के किरदार को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन बताया जा रहा है कि उनकी भूमिका कहानी के लिहाज से काफी अहम होगी। फिल्म की शूटिंग जापान में भी किए जाने की उम्मीद है। मोहित मलिक इससे पहले अपने चर्चित किरदार बिरजू लोहार को लेकर सुर्खियों में रहे थे।



मां बनीं सामंथा, बेटे को दिया जन्म

मुंबई। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु मां बन गई हैं। उन्होंने बेटे को जन्म दिया है। अभिनेत्री ने खुशखबरी साझा करते हुए बेटे की पहली झलक दिखाई है। हालांकि, उन्होंने बेबी बॉय का चेहरा रिवील नहीं किया है। कपल ने अपने बेटे का नाम देव निदिमोरु रखा है। सामंथा के इंस्टाग्राम अकाउंट से आज शुक्रवार को एक पोस्ट शेयर किया गया है। इसमें बेटे के जन्म की खुशखबरी शेयर की गई है। राज और सामंथा के घर नन्हे मेहमान का जन्म 19 नवंबर 2026 को हुआ। पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'हमारा खूबसूरत बेबी बॉय। देव निदिमोरु। 19 नवंबर 2026, यह हमारी जिंदगी का अब तक का सबसे खुशनुमा पल है'। सामंथा रुथ ने 18 नवंबर को अपने बेबी शावर की झलकियां सोशल मीडिया पर शेयर की थीं। शुक्रवार को उन्होंने मां बनने की गुड न्यूज शेयर की है।

टीवी मसाला



'रामायण' के जरिए दिखेगी एशिया की सांस्कृतिक विरासत

नई दिल्ली। एक ओर जहां बड़े पर्दे पर रामायण इतिहास रच रही है, वहीं टीवी पर भी इससे जुड़ा एक शो शुरू हो रहा है। राजनेता और लेखक शशि थरूर अब राजनीति और साहित्य के साथ-साथ टेलीविजन की दुनिया में भी नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। वह जल्द ही डिस्कवरी की आगामी डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'इतिहासः रामायण बियॉन्ड बॉर्डर्स' में होस्ट की भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस चार एपिसोड की सीरीज के जरिए दर्शकों को रामायण की उस ऐतिहासिक और सांस्कृतिक यात्रा से रूबरू कराया जाएगा, जो भारत से निकलकर एशिया के कई देशों तक पहुंची। खास बात यह है कि इसमें रामायण के विभिन्न रूपों और अलग-अलग देशों में इससे जुड़ी मान्यताओं को करीब से समझने का मौका मिलेगा। सीरीज का प्रीमियर 7 दिसंबर 2026 को रात 9 बजे डिस्कवरी और डिस्कवरी प्लस पर होगा। 'इतिहासः रामायण बियॉन्ड बॉर्डर्स' सिर्फ रामायण की कहानी को दोहराने वाली डॉक्यूमेंट्री नहीं होगी, बल्कि यह बताएगी कि किस तरह सदियों के दौरान इस महाकाव्य ने अलग-अलग देशों की संस्कृति, कला, परंपराओं और लोककथाओं में अपनी जगह बनाई।

लव ने साड़ी पहनकर दिखाई अदाएं



नई दिल्ली। 'बिग बॉस 20' के यूं तो सभी कंटेस्टेंट इन दिनों सुर्खियों में हैं, लेकिन काजी तौकीर आए दिन किसी न किसी कारण चर्चा में बने ही रहते हैं और वो भी बिना किसी बड़े बवाल के। हाल ही में मेकर्स ने शो का एक नया प्रोमो जारी किया है, जिसमें लव गिल के साथ उनके मजेदार पल देखने को मिल रहे हैं। प्रोमो में कुछ कंटेस्टेंट गार्डन एरिया में बैठे दिखाई दे रहे हैं। काजी तौकीर, अरिश्फा खान के साथ बैठे होते हैं और लव गिल उनके सामने पूल के किनारे बैठी नजर आ रही हैं। लव को देखकर काजी कहते हैं, 'लव पता है अभी कैसे बैठी है, नदी किनारे बैठते हैं ना? शिकारा का फील आ गया।' इसके बाद काजी तौकीर सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म 'तेरे नाम' का हिट सॉन्ग 'क्योंकि किसी को वफा के बदले वफा नहीं मिलती' कहते हुए जमीन पर लेट जाते हैं।

दर्शील को मिली नई फिल्म जैन के साथ आएंगे नजर

मुंबई। अभिनेता दर्शील सफारी और जैन खान दुर्रानी हिंदी साइबर क्राइम थ्रिलर 'साइबर' में एक साथ नजर आएंगे। दर्शील सफारी को आमिर खान की फिल्म 'तारे जमीं पर' में एक बाल कलाकार के तौर पर मिली पहचान से जाना जाता है। वहीं जैन खान दुर्रानी 'शिकारा' और 'मुखबिर' जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। आलोक नाइक के निर्देशन में बन रही फिल्म दो बेरोजगार कंप्यूटर इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स की कहानी है। उनकी जिंदगी तब एक नया मोड़ लेती है, जब उन्हें एक साइबर एजेंसी के साथ काम करने का मौका मिलता है। इस कहानी में क्राइम इन्वेस्टिगेशन के साथ-साथ



उन युवाओं के निजी संघर्षों को भी दिखाया गया है, जो अपनी पहचान बनाने की कोशिश कर रहे हैं। जैसे-जैसे वे साइबर इन्वेस्टिगेशन में शामिल होते हैं, उन्हें ऐसी स्थितियों का सामना करना पड़ता है जो उनके कौशल और समझ की परीक्षा लेती हैं। यह फिल्म उन युवा ग्रेजुएट्स के दबाव को भी दर्शाती है, जो अपनी योग्यता के बावजूद काम पाने के लिए संघर्ष करते हैं। अवॉर्ड विजेता संगीतकार गोपी सुंदर सीएस ने 'साइबर' के लिए संगीत तैयार किया है। वे मलयालम, तेलुगु और तमिल सिनेमा में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। मलयालम सिनेमा में उनके कुछ लोकप्रिय कामों में दुलकर सलमान की कॉमरेड इन अमेरिका, ममूटी की द ग्रेट फादर, बिग बी, सागर उर्फ जैकी रीलोडेड, पुलिमुरुगन और कई अन्य फिल्में शामिल हैं। उनका अधिकांश सहयोग मलयालम निर्देशक अमल नीरद के साथ था।

धनुष-ममूटी की फिल्म में दिखा 'धुरंधर' वाला स्वैग

नई दिल्ली। एक्टर धनुष, ममूटी और साई पल्लवी स्टारर ओमः ऑपरेशन मोल 20 नवंबर को थिएटर में रिलीज हो गई है। राजकुमार पेरियासामी के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'ओम' एक सीक्रेट ऑपरेशन और लाल चंदन की स्मगलिंग नेटवर्क के बारे में है, जिसमें एक्शन, जासूसी, ड्रामा और इमोशनल कहानी का मिक्सचर है। फिल्म का पहला हाफ दर्शकों का ध्यान खींचने में कामयाब रहा है। कई लोग डायरेक्टर के इंटरवल तक कहानी को बनाने के तरीके की भी तारीफ कर रहे हैं। इमोशनल इंटरवल ब्लॉक, एक्शन सीक्वेंस और फिल्म की कहानी कुछ खास बातें बनकर उभरी हैं। नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले एक्टर धनुष को उनकी जबरदस्त परफॉर्मेंस और एनर्जेटिक स्क्रीन प्रेजेंस के लिए तारीफ मिली है, जबकि एक और स्टार ममूटी की कमांडिंग प्रेजेंस को भी सराहा गया है। एक्ट्रेस साई पल्लवी, जो एक पुलिस ऑफिसर का रोल कर रही हैं, उन्हें फिल्म का सबसे अच्छा परफॉर्मर कहा जा रहा है। कई दर्शकों ने



उनके स्क्रीन प्रेजेंस और एक्सप्रेशन की तारीफ की है। उन्होंने हाल ही में नितेश तिवारी की एपिक रामायण से बॉलीवुड में डेब्यू भी किया, जो बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ रही है। कई लोगों ने सिंगल-शॉट सीक्वेंस, लाल चंदन की तस्करी वाले हिस्से और इंटरवल से पहले के हिस्से को भी फिल्म के खास पलों के तौर पर बताया। फिल्म का स्वैग धुरंधर जैसा बताया गया है। ओमः ऑपरेशन मोल एक एक्शन थ्रिलर है जिसे राजकुमार पेरियासामी ने लिखा और डायरेक्ट किया है।

नए जेम्स बॉन्ड पैटिनसन के साथ हीरोइन का इंतजार

'बॉन्ड गर्ल्स' का जलवा, 64 साल में इन हीरोइनों ने जीता दिल

नई दिल्ली। जब से ये खबर सामने आई है कि रॉबर्ट पैटिनसन नए एमआई6 एजेंसी के नए जेम्स बॉन्ड होंगे, तब से फैंस की उत्सुकता सातवें आसमान पर पहुंच गई है। अब बस हर कोई ये देखना चाहता है कि ट्वाइलाइट अभिनेता 007 के ऑइकॉनिक किरदार के साथ न्याय कर पाते हैं या नहीं। लोगों को उनके नए जेम्स बॉन्ड तो मिल गए, लेकिन अब हर किसी को इंतजार है तो रॉबर्ट पैटिनसन के अपोजिट उनकी हीरोइन का, जो फ्रेंचाइजी में उनके अपोजिट नजर आएंगी। हालांकि, नई बॉन्ड गर्ल कौन बनेगी, इस पर से तो वक्त आने पर पर्दा उठेगा, लेकिन पहले चलिए जानते हैं कि अब तक कौन-कौन सी एक्ट्रेसेस पिछले 64 सालों में जेम्स बॉन्ड फ्रेंचाइजी फिल्म का हिस्सा रही हैं।




उर्सुला एंड्रेस

साल 1962 में रिलीज हुई पहली जेम्स बॉन्ड फिल्म डॉ.नो (Dr.No) में शॉन कॉनरी के अपोजिट अभिनेत्री उर्सुला एंड्रेस ने काम किया था। मूवी में उनका 'हनी राइडर' का किरदार था। इस भूमिका के लिए उन्हें प्रतिष्ठित गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था।

ऑनर ब्लैकमैन

शॉन कॉनरी के साथ सिर्फ उर्सुला एंड्रेस की जोड़ी ही नहीं जमीं, बल्कि साल 1964 में रिलीज हुई फिल्म गोल्डफिंगर में ऑनर ब्लैकमैन ने 'पुसी गैलोरे' का किरदार निभाया था। वह जेम्स बॉन्ड मूवी में सिर्फ ग्लैमर गर्ल के रोल में नजर नहीं आई थीं, बल्कि एक ऐसी शानदार पायलट बनी थीं, जिनका बॉन्ड के मिशन में एक अहम योगदान था।





फैमके जानसेन

साल 1995 में पियर्स ब्रॉसनेन की पहली बॉन्ड फिल्म 'गोल्डनआई' में फैमके जानसेन ने 'जेनिया ओनाटॉप' की भूमिका निभाई थी। वह इस पूरी फ्रेंचाइजी में जेम्स बॉन्ड की सबसे खतरनाक दुश्मन बनी थीं।

बारबरा बाख

हॉलीवुड एक्ट्रेस बारबरा बाख भी जेम्स बॉन्ड की साल 1977 में रिलीज हुई फिल्म 'द स्पाई हू लव्ड मी' में काम कर चुकी हैं। फिल्म में उन्होंने सोवियत केजीबी एजेंट 'मेजर आन्या अमासोवा' की भूमिका अदा की थी। एक्शन सीन्स में वह जेम्स बॉन्ड को कड़ी टक्कर देती नजर आ रही थीं।





मिशेल योह

ऑस्कर विजेता अभिनेत्री मिशेल योह ने साल 1997 में आई सुपरहिट बॉन्ड फिल्म 'टुमॉरो नेवर डाइज' में काम किया था। जिसमें वह चीनी जासूस 'वाई लिन' बनी थीं। पियर्स ब्रॉसनेन के अपोजिट कास्ट हुई एक्ट्रेस ने एक स्ट्रॉन्ग बॉन्ड गर्ल के रूप में खुद को प्रेजेंट करते हुए खुद

पहला टेस्ट : निकोल्स के 10 घंटे के मैराथन और फिलिप्स के शतक से न्यूजीलैंड ने बनाए 368 रन

यशस्वी-राहुल की शतकीय साझेदारी से टीम इंडिया की शानदार वापसी

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

हेनरी निकोल्स की नाबाद 175 रन की पारी की मदद से न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में अपनी पहली पारी में 368 रन का मजबूत स्कोर बनाया, जिसके जवाब में भारत ने यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की शतकीय साझेदारी से दूसरे दिन शुक्रवार को अपनी पहली पारी में एक विकेट पर 159 रन बनाए।

न्यूजीलैंड ने सुबह 5 विकेट पर 143 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। उसकी पारी का आकर्षण निकोल्स की लगभग 10 घंटे चली नाबाद पारी और ग्लेन फिलिप्स (118) का शतक रहा। भारत इस तरह से अब न्यूजीलैंड से 209 रन पीछे है। पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी लग रही है और ऐसे में भारत बड़ा स्कोर बनाकर न्यूजीलैंड को दबाव में लाने की कोशिश करेगा। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने की समय राहुल 52 और देवदत्त पडिक्कल 16 रन पर खेल रहे थे।

भारत की 32 वर्षों में न्यूजीलैंड में शतकीय साझेदारी

भारत ने सलामी बल्लेबाज जायसवाल के रूप में एकमात्र विकेट गंवाया, जिन्होंने 89 गेंद पर 85 रन की आकर्षक पारी खेली। राहुल और जायसवाल ने पहले विकेट के लिए 130 रन की साझेदारी करके भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। भारत की पिछले 32 वर्षों में न्यूजीलैंड में पहले विकेट के लिए यह पहली शतकीय साझेदारी है। इससे पहले आखिरी बार नवजोत सिद्धू और नयन मोंगिया ने 1994 में हैमिल्टन में 102 रन की साझेदारी की थी। जायसवाल ने चायकाल के बाद विकेट के चारों तरफ शॉट लगाकर शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने कुल 16 चौके लगाए, लेकिन उनमें से यादगार चौका तेज गेंदबाज जैकब डफी की गेंद पर लगाया गया सीधा शॉट था। इसी चौके से उन्होंने अपना अर्धशतक भी पूरा किया। जायसवाल शतक बनाने के करीब दिख रहे थे, तभी हेनरी की गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के दस्तानों में समा गई।



न्यूजीलैंड ने गंवाए 70 रन पर 5 विकेट

मैच के पहले छह सत्र हालांकि न्यूजीलैंड और विशेष रूप से निकोल्स के नाम रहे, जिन्होंने अपनी सर्वश्रेष्ठ टेस्ट पारी खेलते हुए लगभग 10 घंटे तक बल्लेबाजी की और 335 गेंदों का सामना करते हुए 21 चौके लगाए। न्यूजीलैंड की टीम ने पहले दिन 70 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद निकोल्स ने फिलिप्स (216 गेंदों पर 118 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 216 रन की साझेदारी की। निकोल्स ने अपने जाने-पहचाने अंदाज में बल्लेबाजी की। उन्होंने बाहर जाती गेंदों को छोड़ा और कभी-कभार चौके लगाए। वहीं फिलिप्स ने प्रसिद्ध की गेंद पर कवर ड्राइव पर तीन रन लेकर अपना दूसरा टेस्ट शतक पूरा किया। आकाश दीप ने आखिर में निकोल्स और फिलिप्स की बीच 216 रन की साझेदारी को तोड़ा।

जायसवाल ने तोड़ा कोहली का रिकॉर्ड

यशस्वी जायसवाल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 89 गेंदों पर 16 चौकों की मदद से 85 रन की पारी खेली। अपनी इस अर्धशतकीय पारी के दौरान यशस्वी ने विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया और वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में रन बनाने के मामले में उनसे आगे निकल गए। यशस्वी ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में अब तक कुल 2673 रन बनाए हैं जबकि विराट कोहली ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में खेले 46 मैचों में 2617 रन बनाए थे। भारत की तरफ से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में ऋषभ पंत पहले स्थान पर मौजूद हैं, जिनके नाम पर अभी 2948 रन दर्ज हैं। दूसरे नंबर पर शुभमन गिल हैं, जिन्होंने अब तक कुल 2917 रन बनाए हैं। रोहित शर्मा 2716 रन के साथ तीसरे जबकि रविंद्र जडेजा 2675 रन के साथ चौथे नंबर पर हैं।

अभिषेक-आयुष नहीं छू पाए दहाई का आंकड़ा, वैभव नहीं खेल पाए बड़ी पारी

एशिया कप राइजिंग स्टार्स : इंडिया ए ने 42 रन पर गंवाए 3 विकेट



एजेंसी ▶▶| दोहा

मेंस एशिया कप राइजिंग स्टार्स के अपने शुरुआती मुकाबले में ही इंडिया-ए की टीम मुश्किलों में घिर गई है। दोहा में नेपाल के खिलाफ खेले जा रहे मैच में भारत के दोनों विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। नेपाल के गेंदबाजों ने दोहा की चुनौतीपूर्ण और धीमी पिच का शानदार फायदा उठाते हुए भारतीय टॉप ऑर्डर को शुरुआती ओवरों में ही बैकफुट पर धकेल दिया।

धीमी पिच पर फंसे अभिषेक छठे ओवर में गंवाया विकेट

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरे नेपाल के गेंदबाजों को पिच से शुरुआती मदद मिली। गेंद सतह पर रुक कर (होल्ट अप) आ रही थी, जिससे भारतीय बल्लेबाजों के लिए खुलकर स्ट्रोक खेलना बेहद मुश्किल साबित हुआ। बाएं हाथ के आक्रामक ओपनर अभिषेक शर्मा अपने स्वाभाविक अंदाज में नहीं खेल पाए और 13 गेंदों में एक छक्के की मदद से सिर्फ 9 रन ही बना सके। छठे ओवर में नंदन यादव की एक फुल लेंथ गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में अभिषेक जल्दी बल्ला चला बैठे और गेंद बल्ले के निचले हिस्से से लगकर मिड-ऑन की ओर हवा में खड़ी हो गई, जहां सब्स्टीट्यूट फील्डर अभिषेक गौतम ने आसान कैच लपक लिया।

अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके वैभव

दूसरी ओर 15 वर्षीय युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी शुरुआत में थोड़े बेहतर लय में दिखे और उन्होंने तीन चौकों व एक छक्के की मदद से अपने आक्रामक तेवर दिखाए। हालांकि, नेपाली गेंदबाजों की ओर से लगातार गति और लेंथ में किए जा रहे बदलावों के सामने वे भी अपनी लय बरकरार नहीं रख सके। वैभव 32 गेंदों में 26 रन बनाकर संघर्ष करते दिखे और 11वें ओवर में पवन सर्राफ का शिकार बन गए। आगे बढ़कर मैदान के सीधे हिस्से में बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में गेंद पिच पर ग्रिप होकर टर्न हुई और उनके बल्ले को छकाते हुए सीधे मिडिल स्टंप के ऊपरी हिस्से से जा टकराई।

भारत ए के 11 ओवर में गिरे 3 विकेट

सलामी जोड़ी के पवेलियन लौटने के तुरंत बाद इंडिया-ए को एक और झटका लगा, जब आयुष बडोनी बाएं हाथ के स्पिनर ललित राजबंशी की गेंद पर महज 2 रन बनाकर स्टंप आउट हो गए। इस तरह महज 11 ओवर के भीतर तीन शीर्ष विकेट गिरने से भारतीय टीम भारी दबाव में आ गई है। अब पूरी जिम्मेदारी कप्तान तिलक वर्मा और मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर आ टिकी है कि वे पारी को संभालें और इंडिया-ए को एक सम्मानजनक व प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाएं।

खबर संक्षेप



दिल्ली कैपिटल्स के निदेशक बने जयवर्धने

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स ने श्रीलंका के दिग्गज खिलाड़ी माहेला जयवर्धने को 2027 के सत्र से पहले अपनी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टीम का क्रिकेट निदेशक नियुक्त किया। जयवर्धने अपनी नई भूमिका में फ्रेंचाइजी के सभी क्रिकेट संबंधी मामलों की देखरेख करेंगे, जिसमें टीम की रणनीति, प्रतिभा की पहचान और खिलाड़ी एवं कोचिंग स्टाफ को तराशना शामिल है। जयवर्धने इससे पहले मुंबई इंडियंस की पुरुष टीम के मुख्य कोच थे। उनके रहते हुए मुंबई ने आईपीएल में तीन खिताब जीते थे। उन्होंने हाल में ही यह पद छोड़ा था। उन्होंने कहा कि वह अपनी नई भूमिका से खुश हैं और उन्हें उम्मीद है कि टीम आगामी प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी।



पाक ने दो साल में जीती पहली टेस्ट सीरीज

रावलपिंडी। पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन ही शुक्रवार को श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर पिछले दो साल में अपनी पहली श्रृंखला जीती। श्रीलंका ने अपनी दूसरी पारी में 316 रन बनाकर 89 रन की मामूली बढ़त हासिल की। पाकिस्तान ने चौथे दिन के पहले सत्र में 13 ओवर में दो विकेट पर 90 रन बनाकर जीत हासिल की। अजान अवैस ने 32 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि ऑलराउंडर आमिर जमाल ने 22 गेंदों में नाबाद 34 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल है। पाकिस्तान की यह मौजूदा विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में 11 मैचों में तीसरी जीत है।

एटीपी फ़ाइनल्स

सेमीफाइनल में शेल्टन अब सामना अल्काराज से



एजेंसी ▶▶| तूरिन

बेन शेल्टन ने अमेरिकी ओपन के फाइनल में उन्हें हराने वाले विश्व के नंबर एक खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज़्वेरेव की मदद से एटीपी फ़ाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

शेल्टन ने पहले सेट के टाईब्रेकर में दो बार ऐस लगाकर मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकलकर राफेल जोडर को 7-6 (8), 7-5 से हराया।

इस जीत के बावजूद शेल्टन की सेमीफाइनल में जगह पक्की नहीं हुई थी लेकिन ज़्वेरेव ने ग्रुप के अंतिम मैच में आर्थर फिल्स को 6-4, 7-6 (6) से हरा दिया, जिससे यह अमेरिकी खिलाड़ी आगे बढ़ने में सफल रहा। सेमीफाइनल में शेल्टन का सामना कार्लोस अल्काराज़ से होगा।

हांगकांग ओपन : सेमीफाइनल में लक्ष्य और सात्विक-चिराग

एजेंसी ▶▶| कोवलून

- हांगकांग ओपन: सेन ने क्वार्टर फाइनल में लोह को हराया
- भारतीय जोड़ी ने चीन के युआन और जियांग यी को दी मात

लक्ष्य सेन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू को तीन गेम में हराकर हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में अपनी जगह पहले ही पक्की कर चुके लक्ष्य ने क्वार्टर फाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त लोह को 21-17, 10-21, 21-13 से हराया।

इससे पहले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने चीन के हू के युआन और लिन जियांग यी को तीन गेम तक चले मुकाबले में हराकर पुरुष युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने पहला गेम आसानी से जीत लिया, लेकिन दूसरे गेम में वे अपनी लय खो बैठे। उन्होंने हालांकि बाद में वापसी करते हुए 59 मिनट में 21-12, 13-21, 21-16 से जीत हासिल की।



रक्षिता का सफर क्वार्टर फाइनल में समाप्त

महिला एकल में रक्षिता रामराज का शानदार सफर क्वार्टरफाइनल में थाईलैंड की पांचवीं वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से 19-21, 16-21 से हार के साथ समाप्त हो गया। रक्षिता ने प्री-क्वार्टर फाइनल में चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त चेन यू फी को 21-18, 24-22 से हराकर उलटफेर किया था। उन्होंने पहले दौर में डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ड को हराया था।

उत्तर प्रदेश ने चंडीगढ को हराया

एजेंसी ▶▶| मुंबई



तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार के तीन विकेट की मदद से उत्तर प्रदेश ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच में चंडीगढ को 30 रन से हराया। यह चार मैचों में उप्र की दूसरी जीत थी और अब वह आठ अंक के साथ तालिका में छठे स्थान पर है। चंडीगढ आठ टीमों के समूह में सातवें स्थान पर है ।

जीत के लिये 191 रन के लक्ष्य के जवाब में चंडीगढ आठ विकेट पर 160 रन ही बना सका। भुवनेश्वर ने मनन वोहरा (12) को सस्ते में आउट करने के बाद 19वें ओवर की चौथी और पांचवीं गेंद पर भागमेंदर लाठेर और चिरागवीर ढींढसा को पवेलियन भेजा। इससे पहले विकेटकीपर बल्लेबाज आर्यन जुयाल ने 28 गेंद में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से उत्तर प्रदेश को सात विकेट पर 190 रन तक पहुंचाया।

मेस्सी बने सबसे ज्यादा कमाई करने वाले खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



फुटबॉल की दुनिया में लियोनेल मेस्सी का जलवा सिर्फ मैदान तक सीमित नहीं है। कमाई के मामले में भी वह बाकी खिलाड़ियों से काफी आगे हैं। मेजर लीग सॉकर की 2026 की नई सैलरी रिपोर्ट में मेस्सी सबसे ज्यादा कमाई करने वाले खिलाड़ी हैं।

वहीं, बार्सिलोना के पूर्व स्टार रॉबर्ट लेवांडोस्की ने इस सूची में दूसरा और फ्रांस के एंटोनी ग्रिजमैन ने तीसरा स्थान हासिल किया है। मेजर लीग सॉकर प्लेयर्स एसोसिएशन की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, इंटर मियामी के कप्तान मेस्सी को सालाना 28.33 मिलियन डॉलर यानी करीब 263.43 करोड़ रुपए की गारंटीड राशि मिलती है। इस रकम में बेस सैलरी और गारंटीड बोनस शामिल हैं।

कार्लसन की फास्ट क्लासिक में पहली जीत

एजेंसी ▶▶| बुडापेस्ट

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट में फास्ट क्लासिक में अपनी पहली जीत दर्ज की, जबकि प्रज्ञानानंदा ने 21वें स्थान के लिए खेले जा रहे मुकाबले में अभिमन्यु मिश्रा के खिलाफ मैच में पहले दिन बढ़त हासिल कर ली। भारत के दो अन्य खिलाड़ियों अर्जुन एरिगैसी और वैशाली को हालांकि अपने-अपने मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा।

कार्लसन ने इस बार व्लादिस्लाव आर्टेमिएव के खिलाफ रैपिड वर्ग में नहीं खेलने का विकल्प चुना। कार्लसन ने17वें स्थान के लिए खेले जा रहे मुकाबले में फास्ट क्लासिकल में जीत हासिल करके आर्टेमिएव को 11-9 से हराया। यह इस प्रतियोगिता में फास्ट क्लासिक ने उनकी पहली जीत है। इस जीत के साथ ही कार्लसन की लाइव रेटिंग भी बढ़कर 2804 हो गई।



प्रज्ञानानंदा ने मिश्रा को हराया

प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के मिश्रा को 12-8 से हराया। ब्लिट्ज के पहले गेम 2-2 से बराबर रहे, जिसके बाद प्रज्ञानानंदा ने पहला रैपिड गेम जीता और बाकी के रैपिड और फास्ट क्लासिक गेम ड्रॉ करके बढ़त हासिल की। एरिगैसी ने हाइक मार्टिरोस्यान के खिलाफ पहले तीन ब्लिट्ज गेम जीते और चौथा गेम ड्रॉ कराकर अच्छी शुरुआत की। लेकिन मार्टिरोस्यान ने फास्ट क्लासिक जीतकर नौवें स्थान के मुकाबले में 14.5-5.5 से जीत हासिल की। वैशाली को 23वें स्थान के मुकाबले के पहले दिन नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से 16-4 से हार का सामना करना पड़ा।

गुकेश के सामने सिंदारोव की चुनौती

एजेंसी ▶▶| जेनेवा

विश्व शतरंज चैंपियनशिप



मौजूदा चैंपियन डी गुकेश को 24 नवंबर से शुरू होने वाली फिडे विश्व शतरंज चैंपियनशिप में उज़्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर जावोखिर सिंदारोव की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इन दोनों खिलाड़ियों की मौजूदा रेटिंग में अंतर से भी यह मुकाबला रोमांचक बन गया है। गुकेश फिलहाल 2710 की रेटिंग के साथ विश्व रैंकिंग में 26वें स्थान जबकि सिंदारोव 2782 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं।

मतलब दोनों के बीच 72 अंकों का अंतर है। विश्व चैंपियन बनने के बाद गुकेश का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। दूसरी तरफ सिंदारोव ने शानदार प्रदर्शन किया है और रेटिंग और विश्व रैंकिंग दोनों में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े हासिल किए हैं।

चैंपिनशिप मुकाबले में होंगे 14 क्लासिकल गेम

चैंपिनशिप मुकाबले में 14 क्लासिकल गेम होंगे और जो खिलाड़ी सबसे पहले 7.5 अंक हासिल करेगा, वह खिताब जीत जाएगा। मुकाबले के टाई होने की स्थिति में विजेता का निर्धारण करने के लिए कम अवधि के गेम खेले जाएंगे। विश्व चैंपियनशिप के मुख्य मुकाबले में पहले 40 चाल के लिए समयसीमा 120 मिनट है। इसके बाद 41वीं चाल से गेम समाप्त होने तक 30 सेकंड अतिरिक्त जोड़े जाएंगे। खिलाड़ी जल्दी ड्रॉ भी नहीं करा सकते। मैच ड्रा करने के लिए कम से कम 40 चाल खेलना अनिवार्य है। इस 25 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली प्रतियोगिता में प्रत्येक बाजी जीतने पर खिलाड़ी को दो लाख डॉलर मिलेंगे, जबकि शेष राशि समान रूप से वितरित की जाएगी। मुकाबला टाई होने पर विजेता को 13 लाख और उपविजेता को 12 लाख डॉलर मिलेंगे।

2030 तक 103.7 अरब डॉलर का हो जाएगा भारत का एमआईसीई

भारत को वैश्विक एमआईसीई और वेडिंग टूरिज्म का प्रमुख केंद्र बनाने की तैयारी, पर्यटन मंत्रालय ने उद्योग जगत के साथ किया मंथन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत को वैश्विक स्तर पर बिजनेस इवेंट्स, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों, प्रदर्शनियों और भव्य शादियों के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में पर्यटन मंत्रालय ने पहल तेज कर दी है। इसी सिलसिले में मंत्रालय ने 19 नवंबर को नई दिल्ली में एमआईसीई (मीटिंग्स, इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंसेज एंड एग्जिबिशंस) और वेडिंग टूरिज्म पर एक उच्चस्तरीय हितधारक परामर्श बैठक आयोजित की। पर्यटन मंत्रालय के सचिव भुवनेश कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पर्यटन और आयोजन उद्योग से जुड़े प्रमुख संगठनों, कन्वेंशन सेंटरों तथा उद्योग प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

'मीट इन इंडिया' अभियान के जरिए दुनिया को आकर्षित करने की रणनीति



पर्यटन से जुड़े संगठनों की अहम भूमिका

पर्यटन मंत्रालय के अपर सचिव एवं महानिदेशक (पर्यटन) सुमन बिल्ला ने एमआईसीई और वेडिंग टूरिज्म के समग्र विकास में क्षेत्र से जुड़े संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित की। उन्होंने इस क्षेत्र के विभिन्न हितधारकों के बीच साझेदारी और सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक में इंडियन एग्जिबिशन इंडस्ट्री एसोसिएशन, इवेंट एंड एंटरटेनमेंट मैनेजमेंट एसोसिएशन, इंडियन वेडिंग्स इंडस्ट्री एसोसिएशन, जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर, इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन, इंडिया कन्वेंशन प्रमोशन ब्यूरो, फिक्की, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री तथा भारतीय उद्योग परिसंघ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

भारत के पास अपार संभावनाएं

बैठक में भारत को अंतरराष्ट्रीय बिजनेस आयोजनों और डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए पसंदीदा वैश्विक स्थल बनाने की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सचिव भुवनेश कुमार ने कहा कि एमआईसीई क्षेत्र में भारत के पास अपार संभावनाएं हैं। इनका लाभ उठाने के लिए सरकार और उद्योग जगत के बीच बेहतर समन्वय, सुव्यवस्थित कार्ययोजना और नियमित संवाद की आवश्यकता है।

वेडिंग टूरिज्म इकोसिस्टम को मजबूत बनाएं

चर्चा के दौरान एमआईसीई और वेडिंग टूरिज्म के पूरे इकोसिस्टम को मजबूत बनाने, पेशेवर सेवा प्रदाताओं को पहचान देने, क्षेत्र से संबंधित विश्वसनीय आंकड़े जुटाने तथा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सहयोग से भारतीय पर्यटन स्थलों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठे।


2030 तक दोगुने से अधिक होगा बाजार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार भारत को वैश्विक एमआईसीई गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। भारत का एमआईसीई बाजार वर्ष 2024 में 49.4 अरब अमेरिकी डॉलर का था, जिसके वर्ष 2030 तक बढ़कर 103.7 अरब डॉलर होने का अनुमान है। इस क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए पर्यटन मंत्रालय 'इनक्रेडिबल इंडिया' अभियान के तहत 'मीट इन इंडिया' उप-ब्रांड के माध्यम से भारत का प्रचार-प्रसार कर रहा है।

अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत की स्थिति सुधरी


अंतरराष्ट्रीय एसोसिएशन बैठकों के आयोजन के मामले में भी भारत ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। इंटरनेशनल कांग्रेस एंड कन्वेंशन एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक रैंकिंग में भारत वर्ष 2022 में 37वें स्थान पर था, जो 2025 में सुधरकर 26वें स्थान पर पहुंच गया। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में भारत को छठा स्थान मिला है। वर्ष 2025 में नई दिल्ली भारत के शहरों में सबसे बेहतर रैंकिंग पर रही, जबकि बेंगलुरु और मुंबई संयुक्त रूप से उसके बाद रहे। सरकार का मानना है कि बेहतर बुनियादी ढांचे, उद्योग जगत के साथ साझेदारी और प्रभावी अंतरराष्ट्रीय प्रचार के जरिए भारत इस क्षेत्र में अपनी वैश्विक हिस्सेदारी और मजबूत कर सकता है।

खबर संक्षेप



74 लाख रुपए की धोखाधड़ी, 9 गिरफ्तार

हैदराबाद। तेलंगाना पुलिस ने व्हाट्सएप समूहों और शेयर बाजार में निवेश की फर्जी सलाह के जरिए व्यक्ति से ठगे 74 लाख रुपऽ की रकम के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराने के आरोप में 9लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस गिरोह के कथित सरगना महाराष्ट्र के 2 लोगों की तलाश कर रही है।



वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुलाना का निधन

चंडीगढ़। हरियाणा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष फूलचंद मुलाना का शुक्रवार को 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने पंचकूला में अपने बेटे वरुण चौधरी के घर अंतिम सांस ली। पार्टी के अंबाला जिला (शहरी) अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने यह जानकारी दी। मुलाना कुछ दिन पहले मोहाली के एक अस्पताल में भर्ती थे।

फिक्की के कार्यक्रम में 12 साल में पहली बार घबराए और बेचैन प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत पर हमला किया

जयराम रमेश ने कहा- प्रधानमंत्री उद्योगपतियों को दोषी ठहराने के बजाय करें आत्मचिंतन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा फिक्की संबोधन में देश के उद्योगपतियों पर ताना मारने को उनकी घबराहाट और बौखलाहट बताया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि वेतन, रोजगार, निजी निवेश में वृद्धि नहीं होने और बढ़ती आर्थिक विषमताओं का कारण प्रधानमंत्री की नीतियां हैं; उन्हें उद्योगपतियो के बजाय अपनी नीतियों पर आत्मचिंतन करना चाहिए। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी महासचिव व राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने कहा कि फिक्की के कार्यक्रम में 12 साल में पहली बार घबराए और बेचैन प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत के बड़े कारोबारियों पर हमला किया है।

पीएम ने उद्योग जगत में भय का माहौल पैदा किया

जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत में भय का माहौल पैदा किया है, जिससे निवेशकों का भरोसा कमजोर हुआ है। चुनिंदा कारोबारियों का एकाधिकार बढ़ रहा है और उन्हें देश की संपत्तियां सौंपी जा रही हैं। इससे बाजार में प्रतिस्पर्धा खत्म हो रही है। इसका नुकसान छोटे कारोबारियों, उद्योगों और आम लोगों को उठाना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार पर जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर एक कारोबारी समूह को फायदा पहुंचाने का भी आरोप लगाया।



भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा 112 अरब डॉलर रहा

चीन के साथ बढ़ते व्यापार घाटे का मुद्दा उठाते हुए जयराम रमेश ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा 112 अरब डॉलर रहा, जो 2026-27 में बढ़कर 150 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। उन्होंने आगे कहा कि नोटबंदी और जीएसटी के फैसलों के कारण भी लाखों लोगों की आजीविका प्रभावित हुई और छोटे उद्योगों को नुकसान पहुंचा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के फिक्की संबोधन से ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हें अपनी विदाई का अंदेशा हो गया है, इसीलिए जाते-जाते वे सभी को दोषी ठहराना चाहते हैं।

पीएम ने अपनी सरकार की विफलताएं नहीं बताईं

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री का उद्योगपतियों के सामने इन समस्याओं को स्वीकार करना हैरान करने वाला है, लेकिन उन्होंने अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति के लिए अपनी सरकार की विफलताओं की पूरी सच्चाई नहीं बताई। प्रधानमंत्री को स्वीकार करना चाहिए कि उनकी सरकार के 12 साल के शासन में महंगाई बेकाबू है, रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा नहीं हो रहे हैं और निजी निवेश की रफ्तार भी सुस्त है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने संबोधन में वही बातें दोहराई, जो कांग्रेस वर्षों से कह रही है और 2024 लोकसभा के घोषणापत्र न्याय पत्र में कही थी। उस समय प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को अर्बन नक्सल सोच से प्रेरित बताया था।

राहुल गांधी बोले- देश देख रहा है कि लूट किसकी है ?



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री कल उद्योगपतियों को ताना मार रहे थे कि टैक्स घटाने के बावजूद न कंपनियों ने तनख्वाह बढ़ाई और न ही नौकरियां दीं। उन्होंने कहा कि यह बयान प्रधानमंत्री का कबूलनामा है। प्रधानमंत्री कह रहे थे कि भूख इतनी है कि पेट भरता ही नहीं है।

नोटबंदी और गलत जीएसटी से उद्योग तबाह

नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाया कि एयरपोर्ट, बंदरगाह, खदानें, जंगल, बिजली, कोयला और सड़कें जिन लोगों के नाम कर दी गईं, उन्होंने देश में कितनी नौकरियां पैदा कीं। उन्होंने कहा कि रोजगार देने वाले छोटे व्यापारी और छोटे-मध्यम उद्योगों को तो मोदी सरकार ने नोटबंदी एवं गलत जीएसटी लागू कर तबाह कर दिया। ईमानदारी से मुकाबला करने वाली कंपनियों के लिए भी मैदान खत्म कर दिया गया। उन्होंने एकाधिकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इससे रोजगार पैदा नहीं होता, महंगाई बढ़ती है और प्रतिस्पर्धा खत्म होती है। देश देख रहा है कि लूट मोदी और उनके मित्रों ने की है।

तालियां और थालियां भक्तों से ही बजवा लें

कार्यक्रम में तालियां नहीं बजने पर प्रधानमंत्री द्वारा नाराजगी जताने को लेकर भी राहुल गांधी ने तंज कसा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की नीतियों ने उद्योगपतियों, छोटे व्यापारियों, महंगाई से परेशान गरीब और मध्यम वर्ग तथा बेरोजगार युवाओं सहित किसी को भी तालियां बजाने लायक नहीं छोड़ा है। प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि वे तालियां और थालियां अपने बचे-खुचे भक्तों से ही बजवा लें।

ईडी के रडार पर भाजपा सांसद संधू निवेशकों से करोड़ों की धोखाधड़ी में भेजा समन, 25 को पूछताछ होगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भाजपा के राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू को समन भेजा है। उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया है। यह मामला पंजाब की एक कंपनी से जुड़ा है। आरोप है कि इस कंपनी ने निवेशकों के साथ करोड़ों की धोखाधड़ी की है। संधू की उम्र 57 साल हैं। वे मोहाली में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के चांसलर भी हैं। यह एक निजी विश्वविद्यालय है। संधू को पहली बार 12 नवंबर को ईडी के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया था। लेकिन वे उस दिन नहीं पहुंचे। अब उन्हें 25 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।। ईडी इस मामले में अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें व्यूनो ग्रुप के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुखविंदर सिंह खरोर भी शामिल हैं। उनकी पत्नी डिंपल खरोर को भी गिरफ्तार किया गया है।

- पंजाब से जुड़ा मामला, ये निजी विवि के चांसलर हैं

जांच व्यूनो नाम की कंपनी से जुड़ी

ईडी की जांच व्यूनो नाम की कंपनी से जुड़ी है। आरोप है कि इस कंपनी ने करोड़ों रुपए के 'क्लाउड पार्टिकल घोटाले' को अंजाम दिया। इसके जरिए आरोपियों ने आम लोगों की मेहनत की कमाई निकाल ली। ईडी का आरोप है कि संधू से जुड़ी कुछ संस्थाओं को व्यूनो ग्रुप की कंपनियों से कुछ रकम मिली थी। संधू को इन पैसों के लेन-देन की जांच के लिए बुलाया गया है। ईडी यह पता लगाना चाहती है कि ये लेन-देन किस तरह के थे। इनका मकसद क्या था। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि इस मामले में संधू की कोई 'सीधी भूमिका' नहीं है।



ईडी की 'शक्ति' पर सुनवाई जनवरी में

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह जनवरी में याचिकाओं के एक समूह पर सुनवाई करेगा। इन याचिकाओं में 2022 के फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। इस फैसले में कोर्ट ने ईडी की शक्तियों को बरकरार रखा था।इन शक्तियों के तहत ईडी को धनशोधन के मामलों में गिरफ्तारी ,संपत्तियों को जब्त करने और तलाशी लेने और सामान जब्त करने का भी अधिकार है। ये सभी अधिकार पीएमएलए के तहत दिए गए हैं। यह मामला सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची तथा जस्टिस वी मोहना की बेंच के सामने आया।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बोले

नक्सलवाद के ग्रहण से समृद्धि के उजाले तक... भारत मंडपम में दिखा 'मोला छत्तीसगढ़'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत मंडपम में आयोजित 45वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में शुक्रवार की शाम छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति, कला और परंपराओं के रंगों से सराबोर रही। छत्तीसगढ़ राज्य दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य सांस्कृतिक समारोह में प्रदेश के लोक कलाकारों ने पारंपरिक नृत्यों और लोक संगीत की आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह ने राष्ट्रीय राजधानी में छत्तीसगढ़ की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान, समृद्ध जनजातीय परंपराओं और जीवंत लोक कलाओं की मनमोहक झलक प्रस्तुत की।

छत्तीसगढ़ संभावनाओं वाला राज्य

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संसाधनों, कृषि, उद्योग और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ विकास की व्यापक संभावनाओं वाला राज्य है। प्रदेश में इस्पात, सीमेंट, ऊर्जा, एल्युमिनियम, खाद्य प्रसंस्करण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में निवेश के अपार अवसर उपलब्ध हैं। नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के माध्यम से निवेश, रोजगार सृजन और उद्यमिता को प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्यपाल ने देश-विदेश से आए उद्योगपतियों और निवेशकों से छत्तीसगढ़ की संभावनाओं का लाभ उठाने तथा प्रदेश के विकास में सहभागी बनने का आह्वान किया। उन्होंने कृषि आधारित उद्योगों तथा लघु वनोपज के प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इन क्षेत्रों के विकास से स्थानीय लोगों की आय बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

राज्य गठन के बाद पहली बार रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया

छत्तीसगढ़ के लोग मेहनतकश और प्रतिभाशाली

राज्यपाल डेका ने कहा कि छत्तीसगढ़ की वास्तविक शक्ति यहां के मेहनतकश किसान, प्रतिभाशाली युवा, महिलाएं और कुशल शिल्पकार हैं। युवाओं को स्टार्टअप, नवाचार और उद्यमिता से जोड़ने के साथ ही महिला स्व-सहायता समूहों और स्थानीय शिल्पकारों के उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, हस्तशिल्प, हथकरघा और पर्यटन स्थलों में आर्थिक विकास तथा रोजगार सृजन की अपार संभावनाएं हैं। विकास के साथ सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सामूहिक प्रयासों और जनभागीदारी से छत्तीसगढ़ को आर्थिक रूप से समृद्ध, औद्योगिक रूप से सशक्त, सांस्कृतिक रूप से गौरवशाली और सामाजिक रूप से समरस राज्य बनाया जा सकता है।



मेले में विरासत और विकास की अनूठी झलक दिखी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि राज्य गठन के बाद यह पहला अवसर है, जब वे इतनी बड़ी संख्या में अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि यहां छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति, जनजातीय विरासत और विकास की अनूठी झलक देखने को मिल रही है, जो प्रदेश की बदलती तस्वीर और नई पहचान को देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत कर रही है। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ अपनी प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और अनूठी लोक परंपराओं के लिए विशेष पहचान रखता है। प्रदेश की लोक संस्कृति हमारी अमूल्य धरोहर है, जिसे लोक कलाकारों ने पीढ़ी-दर-पीढ़ी सहेजकर रखा है। गौर, गौरा-गौरी, भोजली, राउत नाचा, सुआ, पंथी और करमा जैसे लोक नृत्य छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक समृद्धि के प्रतीक हैं।

मुख्यमंत्री ने पवेलियन का किया भ्रमण

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में छत्तीसगढ़ पवेलियन का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों और उद्यमियों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर वहां प्रदर्शित उत्पादों, हस्तशिल्प कलाकृतियों और स्थानीय विशेषताओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बस्तर की पारंपरिक बेलमेटल कला, चांपा के कोसा सिल्क, जनजातीय आभूषणों, हथकरघा वस्त्रों तथा वनोपज आधारित उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने कोदो, कुटकी और रागी जैसे मिलेट उत्पादों की भी जानकारी ली तथा छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित किए जाने की सराहना की। मुख्यमंत्री साय ने पवेलियन में चित्रकोट जलप्रपात के 3डी वर्चुअल रियलिटी अनुभव की विशेष सराहना की। इस तकनीक के माध्यम से आगंतुकों को बस्तर के प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात की प्राकृतिक सुंदरता का आभासी अनुभव कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों को प्रदर्शित करना पर्यटन को बढ़ावा देने का एक अभिनव प्रयास है। इससे देश-विदेश के आगंतुक छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन संभावनाओं से परिचित हो रहे हैं।

30 करोड़ का गोल्डन किंग घोड़ा, 65 लाख का भैंसा और 2 फीट की गाय...

एजेंसी ▶▶ पुष्कर

राजस्थान के पुष्कर मेले में इन दिनों कुछ ऐसे जानवर चर्चा में हैं, जिनकी कीमत सुनकर आप भी हैरान रह जाएंगे। किसी घोड़े के लिए 30 करोड़ रुपये तक का ऑफर मिल चुका है तो कोई भैंसा 65 लाख रुपये का है। यहां ढाई फीट की छोटी गायें भी लोगों को अपनी ओर खींच रही हैं।

शैम्पेन रंग के घोड़े से लेकर बोतल में जूस पीने वाले भैंसे तक, इस मेले में जानवरों की दुनिया के कई अनोखे नजारे देखने को मिल रहे हैं। देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए यह मेला सिर्फ पशुओं का बाजार नहीं बल्कि एक शानदार अनुभव बन गया है।

30 करोड़ के ऑफर वाला गोल्डन किंग बना सितारा

पुष्कर मेले में सबसे ज्यादा चर्चा गोल्डन किंग नाम के पांच साल के मारवाड़ी घोड़े की हो रही है। गुजरात के सूरत से आए इसके मालिक डॉ. केदार पारिख के मुताबिक, इस घोड़े के लिए उन्हें 30 करोड़ रुपये तक का ऑफर मिल चुका है। हालांकि उनका इसे बेचने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने इसे अपनी बेटी को तोहफे में दिया है। इस घोड़े का रंग (शैम्पेन क्रेमेलो) है और इसकी ऊंचाई 65 इंच से ज्यादा है।

राजस्थान के पुष्कर मेले में अनोखे पशुओं को देखने उमड़ी भीड़

क्या कहलाता है शेम्पेन क्रेमोलो

शैम्पेन क्रेमेलो का उपयोग मुख्य रूप से घोड़ों की त्वचा और कोट के एक दुर्लभ रंग के लिए किया जाता है, जिसमें शैम्पेन और क्रेमेलो यानी हल्का क्रीम या सुनहरा-क्रीम रंग दोनों रंगों या जीन का प्रभाव होता है। मालिक का दावा है कि यह अपनी तरह का अनोखा घोड़ा है। इसे पंच कल्याण भी बताया जाता है यानी इसमें पांच शुभ लक्षण हैं। इसके कई बच्चे भी हैं, जिनमें से ज्यादातर का रंग शैम्पेन है।



दुर्लभ रंग का घोड़ा पुखराज भी चर्चा में

गोल्डन किंग के अलावा 20 महीने का मारवाड़ी घोड़ा पुखराज भी लोगों का ध्यान खींच रहा है. इसका वितकबरा भूरा पालोमिनो रंग इसे दूसरे घोड़ों से अलग बनाता है। इसके मालिक नमित सिंह के अनुसार, मारवाड़ी नस्ल में इस तरह का रंग बहुत कम देखने को मिलता है। हालांकि यह रंग काठियावाड़ी घोड़ों में मिल सकता है। पुष्कर मेले में पुखराज पहली बार आया है।

बोतल से जूस पीता है 65 लाख का रुद्र भैंसा : एक और भैंसा रुद्र की कीमत 65 लाख रुपये बताई जा रही है। रुद्र को बोतल से ताजा जूस पीते देख लोग हैरान रह जाते हैं। इसके मालिक के मुताबिक, इसे ताकतवर बनाए रखने के लिए चना, सेब और केले भी खिलाए जाते हैं। मालिक इसे 65 लाख रुपये में बेचना चाहते हैं।



ढाई फीट की गायें और छोटा शेटलेंड पोनी भी खास

पुष्कर मेले में एक छोटा काला शेटलेंड पोनी यानी एक छोटी, गठीली और मजबूत नस्ल का टट्टू (छोटा घोड़ा) भी लोगों को आकर्षित कर रहा है। वहीं पुंगनूर नस्ल की गायें भी चर्चा में हैं। इनकी ऊंचाई करीब ढाई फीट तक होती है जबकि इनके बछड़े महज 15 इंच के बताए जा रहे हैं। इन गायों की कीमत 4 से 5 लाख रुपये तक बताई जा रही है और ये रोजाना करीब दो लीटर दूध देती हैं।

सात हजार से अधिक पशु पहुंचे मेले में

पुष्कर मेले में 7 हजार से ज्यादा पशु पहुंचे हैं। घोड़ों के लिए खास अस्तबल बनाए गए हैं जहां उनके स्टड फार्म की तस्वीरें भी लगाई गई हैं। दूसरी तरफ ऊंट और दूसरे पशु भी मेले की रौनक बढ़ा रहे हैं।

3 हजार का रोज खाना खाता है देवा भैंसा

भीलवाड़ा के आसींद से आए देवा नाम के मुर्रा नस्ल का वजन करीब 750 किलो बताया गया है। इसकी रोजाना की खुराक काजू, मेवे, गुड़, तेल और दो लीटर दूध के लिए 3 हजार रुपए रोज खर्च होता है। इसके मालिक रामलाल को उम्मीद है कि इसकी कीमत 11 से 15 लाख रुपये तक मिल सकती है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in